डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534



वीर क्रांतिकारी गुंडाधुर

# रोजगार और नियोजन



वीर नारायण सिंह

वर्ष-22, अंक-24, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

20 नवंबर 2024, बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, निःशुल्क

# जनजातीय गौरव दिवस : आदिवासी शौर्य, संस्कृति का उत्सव

### छत्तीसगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर दिखी आदिवासी संस्कृति एवं विरासत की झलक

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय (14 एवं 15 नवंबर) जनजातीय गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव संपन्न हुआ। भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस और अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव ने देश के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर प्रस्तुत किया। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए एक गौरव का क्षण रहा। इस अवसर पर राज्य व देश के समस्त आदिवासी नायकों को नमन किया गया। महोत्सव में देश के 21 राज्यों से आए 45 आदिवासी नर्तक दलों के 1137 कलाकारों ने पारंपरिक कला और लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं।

विशेष : जनजातीय गौरव दिवस पेज 19 पर








## बैगा, गुनिया व सिरहा को हर साल 5-5 हजार सम्मान निधि

जनजातीय समुदाय के बैगा, गुनिया, सिरहा को मुख्यमंत्री सम्मान निधि दी जाएगी। उन्हें प्रति वर्ष पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 15 नवंबर को साइंस कालेज मैदान में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जनजातीय गांवों में धार्मिक व मांगलिक कार्यों के लिए अखरा निर्माण विकास योजना शुरू करेगी। जनजातीय समुदाय के शहीदों की प्रतिमाएं भी चयनित स्थलों पर लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24,000 करोड़ रुपये और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 80,000 करोड़ रुपये का बजट है।

### "माटी के वीर" पदयात्रा और आधुनिक स्टेडियम की घोषणा

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जशपुर में मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में "माटी के वीर" पदयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए और आदिवासी संस्कृति और गौरव का संदेश दिया। केंद्रीय युवा, खेल, श्रम, और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने 20 करोड़ रुपये की लागत से जशपुर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की ।

### आदिवासी नायकों को किया नमन

मुख्यमंत्री श्री साय ने महोत्सव के दौरान भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गेंद सिंह और गुण्डाधुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय जननायकों के अमूल्य योगदान पर आधारित शौर्यांजलि कैलेण्डर का विमोचन किया।

# सीएम ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 14 नवंबर को बालोद के भाठागांव बी में धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ किया, जिससे पूरे प्रदेश के किसानों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में किए गए इन प्रयासों का उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और विश्वास का माहौल बनाना है। धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की सहूलियत के लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी उपज बेच सकें। यह महापर्व किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने का प्रयास है।

### धान खरीदी महाअभियान

- 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक
- राज्यभर में 2739 केंद्र
- 72 घंटे में सीधा बैंक खाते में भुगतान
- हेल्पलाइन नंबर – 0771-2425463



# जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

छत्तीसगढ़ ने जनभागीदारी से जल संचय में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 1,53,533 जल संरक्षण कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 10,872 कार्य अभी भी प्रगति पर हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की जनता के सहयोग और समर्पण का परिणाम है, जो पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण की दिशा में छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में किए गए कार्यों में रायपुर सबसे आगे है, जहाँ 35,758 कार्य पूरे किए गए हैं, जबकि 5,064 कार्य प्रगतिरत हैं। इसके बाद बिलासपुर (16,389 पूर्ण, 1,643 प्रगतिरत), रायगढ़ (16,629 पूर्ण, 662 प्रगतिरत) और बलौदाबाजार-भाटापारा (16,730 पूर्ण, 300 प्रगतिरत) का स्थान आता है। मुख्यमंत्री ने जनभागीदारी से चल रहे जल संरक्षण के इस अभियान को प्रदेश के विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे जारी रखने की प्रेरणा दी।

### जल संचय में जिले की स्थिति


| जिला | पूर्ण | प्रगतिरत |
|---|---|---|
| रायपुर | 35,758 | 5064 |
| बिलासपुर | 16,389 | 1643 |
| रायगढ़ | 16,629 | 662 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | 16,730 | 300 |
| बलरामपुर-रामानुजगंज | 8618 | 586 |
| गरियाबंद | 6899 | 634 |
| दुर्ग | 4915 | 609 |
| धमतरी | 3706 | 107 |

**उपलब्धि आमचो बस्तर की**

दुनिया के 60 देशों के 20 पर्यटन गांवों में बस्तर के प्रसिद्ध धुड़मारास गांव की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई स्थापित

# संयुक्त राष्ट्र संघ के पर्यटन नक्शे पर बस्तर का धुड़मारास गांव

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धुड़मारास गांव ने छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व पर्यटन संगठन ने इसे दुनिया के 60 देशों के 20 प्रमुख पर्यटन गांवों में शामिल किया है। यह चयन गांव की अनूठी सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सुंदरता और सतत पर्यटन विकास की क्षमता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय धुड़मारास के स्थानीय निवासियों को दिया। इसे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण बताया।



प्रकृति की गोद में बसा धुड़मारास गांव घने जंगलों से घिरा हुआ है। गांव के बीच से बहती कांगेर नदी इसे मनमोहक बना देती है। बस्तर के लोग मेहमाननवाजी के लिए जाने जाते हैं। गांव के युवा पर्यटकों को आसपास के क्षेत्रों की सैर कराते हैं। स्थानीय खानपान के अंतर्गत पर्यटकों को बस्तर के पारम्परिक व्यंजन परोसे जाते हैं।

### सरकार की पहल और योजनाएं

- पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गांव में होम-स्टे, कयाकिंग, और बम्बू राफ्टिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- नई ट्रैकिंग ट्रेल्स और कैंपिंग साइट्स का विकास।
- स्थानीय शिल्पकारों और कलाकारों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की पहल।
- युवाओं के लिए रोजगार सृजन की व्यवस्था।

### धुड़मारास गांव बना प्रेरणा का केंद्र

धुड़मारास की सफलता अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन गई है। नागलसर , नेतानार गांव भी ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने में जुटे हैं।

### रोजगार और नियोजन डीपीआर की वेबसाइट पर

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य के प्रतिष्ठित समाचार पत्र रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट https://dprcg.gov.in/



पर ऑनलाइन उपलब्ध हो रहा है। इससे पाठकों को नवीनतम नौकरी के अवसरों, करियर सलाह, और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। अब अपने स्मार्टफोन, टैबलेट या कंप्यूटर पर समाचार पत्र को एक्सेस कर सकते हैं।

## रोजगार सूचना

**यंत्र इंडिया लिमिटेड**
पद : आईटीआई नॉन आईटीआई अप्रेंटिस
पद संख्या: 3883
अंतिम तिथि: 21 नवंबर 2024
apprenticeshipindia.gov.in

**एसपीएमसीआईएल**
पद: उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक
पद संख्या: 23
अंतिम तिथि: 24 नवंबर 2024
spmcil.com

**बीपीएनएल**
पद : लघु उद्यम विस्तार अधिकारी व अन्य
पद संख्या: 2248
अंतिम तिथि: 25 नवंबर 2024
bharatiyapashupalan.com

**यूपीएसएसएससी**
पद : फीमेल हैल्थ ऑफिसर
पद संख्या : 5272
अंतिम तिथि : 27 नवंबर 2024
https://upsssc.gov.in/

**राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू)**
पद : लिपिक (एलडीसी) और विभिन्न पद
पद संख्या: 33
अंतिम तिथि: 28 नवंबर 2024
ncw.nic.in

**एनआईटी**
पद : फैकल्टी
पद संख्या: 132
अंतिम तिथि: 28 नवंबर 2024
www.nitj.ac.in

**आरपीएससी**
पद : स्कूल लेक्चरर
पद संख्या: 2202
अंतिम तिथि: 04 दिसंबर 2024
rpsc.rajasthan. gov.in/


**रोजगार और नियोजन**
प्रधान संपादक : डॉ. रवि मित्तल
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय सलाहकार : अरविन्द मिश्रा
संपादकीय सहयोग : संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था : मोहन मिश्रा, विक्रांत

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।



रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।


### पिक ऑफ द वीक



जनजातीय गौरव दिवस एवं जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव में 21 राज्यों के 45 दल के 1137 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी

# नई औद्योगिक नीति 2024-2030
# पांच साल में पांच लाख रोजगार देने का लक्ष्य

हर घर में रोजगार, हर हाथ में सशक्तीकरण का संकल्प

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 14 नवंबर को राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का शुभारंभ किया। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं के लिए समर्पित करते हुए एक ऐतिहासिक पहल बताया। नीति का हर पहलू यह सुनिश्चित करता है कि छत्तीसगढ़ में हर युवा को रोजगार और राज्य को औद्योगिक उन्नति मिले।

### प्रति माह 15,000 रुपये अनुदान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस नीति के तहत छत्तीसगढ़ के युवाओं को उनके कौशल को निखारने के लिए प्रति माह 15,000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त होगा। जो उद्योग 1,000 से अधिक युवाओं को रोजगार देंगे, उन्हें "बी-स्पोक पॉलिसी" के तहत विशेष रियायतें दी जाएंगी।

### ग्रीन उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन

"इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अनुदान" के तहत ग्रीन उद्यमों को प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन, कम्प्रेस्ड बॉयोगैस, और गैर-काष्ठ वनोपज प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देते हुए राज्य को हरित औद्योगिक राज्य के रूप में विकसित करने का संकल्प है।



### एक्स पर ट्रेंडिंग

**औद्योगिक नीति 2024-30 रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और बस्तर-सरगुजा के विकास को प्रोत्साहित करती है। सोशल मीडिया एक्स पर #CGIndustrialPolicy24 दिनभर पहले स्थान पर ट्रेंड करता रहा, जिसे ऐतिहासिक कदम बताया गया।**

### विशेष वर्गों के लिए रोजगार का अवसर

विशेष वर्गों के सशक्तीकरण का विशेष ध्यान रखा है। अनुसूचित जाति/ जनजाति, महिला उद्यमियों, नक्सल पीड़ित परिवारों, आत्म-समर्पित नक्सलियों, युवा अग्निवीर और तृतीय लिंग समुदाय के उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन्हें 1 रुपये प्रति एकड़ की दर पर औद्योगिक भूमि दी जाएगी, जिससे ये वर्ग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

### हर क्षेत्र को विकास का समर्थन

इंजीनियरिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, हेल्थ, टूरिज्म और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहन पैकेज का प्रावधान किया गया है, जो छत्तीसगढ़ को सेवा क्षेत्र में अग्रणी बनाएगा। विनिर्माण के लिए स्थाई पूंजी निवेश का 100 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 150 प्रतिशत तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### युवाओं के सपनों को मिलेगी उड़ान

नई औद्योगिक नीति का उद्देश्य आने वाले पांच वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक रोजगार सृजित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास जताया कि यह नीति छत्तीसगढ़ को देश के औद्योगिक मानचित्र पर एक सशक्त राज्य के रूप में उभारेगी और प्रदेश के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी।

## रेलवे में 5647 पदों पर निकली भर्ती

नॉर्दर्न फ्रंटियर रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 5 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार NFR की ऑफिशियल वेबसाइट nfr. indianrailways. gov. in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 4 नवंबर 2024 आवेदन शुरू है। सरकारी नौकरी: रेलवे में 5647 पदों पर निकली भर्ती, 10वीं, 12वीं पास को मौका, महिलाओं के लिए निःशुल्क। अंतिम तिथि: 3 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से 10वीं, 12वीं, ITI (NTC/STC) पास होना चाहिए। कैसे करें आवेदन: आफिशियल वेबसाइट nfr. indianrailways. gov.in पर जाएं। नए पेज पर हाउ टू अप्लाई में Step-1 Register Yourself पर क्लिक करें और मांगी गई डिटेल्स दर्ज करके रजिस्ट्रेशन करें। इसके बाद Step-2 Log in पर क्लिक करें और अन्य जानकारी अपलोड करें।

## यूसीआईएल में माइनिंग मेट के 82 पदों पर भर्ती

झारखंड में यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने माइनिंग मेट के 82 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 30 नवंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में चयनित होने के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव से जुड़ी खास शर्तें भी रखी गई हैं। शैक्षणिक योग्यता और अनुभव: माइनिंग मेट पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास 12वीं कक्षा पास होने के साथ-साथ डीजीएमएस द्वारा जारी अप्रतिबंधित माइनिंग मेट सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। आवेदन का तरीका: इच्छुक उम्मीदवार यूसीआईएल की ऑफिशियल वेबसाइट ucil.gov.in पर जाकर आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: उप महाप्रबंधक, यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पी. ओ. जादूगोड़ा खान, जिला पूर्वी सिंहभूम, झारखंड 832102।

## बाल संरक्षण समिति में 60 पदों पर भर्ती, आवेदन 28 तक

महिला बाल विकास विभाग के छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। धमतरी, बिलासपुर, बस्तर, कांकेर, सुकमा, महासमुंद, बालोद समेत प्रदेश के कई जिलों में 60 से ज्यादा पदों पर भर्ती होगी। इनमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, विधिक सह परीवीक्षा, सामजिक कार्यकर्ता, लेखापाल, सहायक सह - डाटा एंट्री ऑपरेटर, आउटरीच वर्कर जैसे विभिन्न पद शामिल हैं। इन पदों पर अभ्यर्थी 28 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को महिला बाल विकास विभाग के संबंधित जिला कार्यालय में स्पीड या डाक के माध्यम से आवेदन भरकर भेजना होगा। इन सभी पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की उम्र 21 से 35 के बीच होना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही इन पदों पर आवेदन के पात्र होंगे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी होगी।

## स्वरोजगार योजनांतर्गत 28 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित

अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत पात्र आवेदकों से 28 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 18 से 50 वर्ष की आयु वाले आवेदक, जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख 50 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले हैं, वे इस योजना के लाभ के लिए पात्र हैं। इसके लिए जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इन योजनाओं के तहत कपड़ा दुकान, किराना दुकान, बर्तन दुकान, होटल व्यवसाय, गैरेज, मुर्गी पालन, फैंसी स्टोर, इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेरिंग, और बेकरी जैसे कई व्यवसायों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। प्रत्येक हितग्राही को अधिकतम 10 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। आवेदन पत्र जगदलपुर कलेक्टोरेट परिसर में स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय से 28 नवंबर तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में 78 पदों पर निकली भर्ती

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) में 70 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट bel-india.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसमें आईटी सिक्योरिटी सहित अन्य 78 पोस्ट पर भर्ती होगी। अंतिम तिथि: 24 नवंबर 2024 निर्धारित किया गया है। शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, कॉलेज या संस्थान से एमटेक/एमई/ बीटेक/बीई/ बीएससी इंजीनियरिंग/ एमसीए/ एमएससी आदि की डिग्री होनी चाहिए। कैसे करें आवेदन: ऑफिशियल वेबसाइट https://bel-india.in/ पर जाएं। रिक्रूटमेंट लिंक पर क्लिक करें। जरूरी डिटेल्स दर्ज करें। होम पेज पर दिए गए लिंक पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। आगे की जरूरत के लिए प्रिंटआउट लेकर रखें।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

## नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष 0771-2331524, फैक्स-0771- 2446556 वेबसाईट : www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 501/06/2023/प.गो. रायपुर, दिनांक 08/10/2024

## लिखित परीक्षा परिणाम व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा-2023

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक 08/2023/परीक्षा/दिनांक 01/06/2023 प्रकाशन की तिथि 07/06/2023 द्वारा विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के कुल-49 पद विज्ञापित किए गए थे। दिनांक 03 सितम्बर 2023 को आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के प्राप्तांकों व वर्गवार / उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर कुल-542 अभ्यर्थियों को व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा-2023 हेतु चिन्हांकित किया गया था।

आयोग द्वारा दिनांक 25 अगस्त 2024 को आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा-2023 के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्राप्तांकों व वर्गवार / उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर कुल 151 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किया गया है। चिन्हांकित अभ्यर्थियों की सूची में अनुक्रमांक (बढ़ते क्रम में), नाम एवं जन्मतिथि अंकित है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| SN | ROLLNO | NAME | DOB |
|---|---|---|---|
| 1 | 2308100017 | BHAWNA RIGRI | 19/05/1995 |
| 2 | 2308100094 | ARCHANA BECK | 14/11/1991 |
| 3 | 2308100479 | AMITA JAIN | 13/11/1999 |
| 4 | 2308101104 | SUCHITA SINGH | 08/09/1996 |
| 5 | 2308101133 | KAMLESH PATEL | 18/10/2000 |
| 6 | 2308101142 | RAMBHA PARMAR | 10/05/1984 |
| 7 | 2308101155 | ATNU PRASAD | 02/06/1999 |
| 8 | 2308101345 | MANISHA DUSHYANI | 15/12/1995 |
| 9 | 2308101427 | PANKAJ KUMAR BAGDE | 29/10/1997 |
| 10 | 2308101674 | NEELKANTH MATAWLE | 05/04/1993 |
| 11 | 2308101879 | ANIMA EKKA | 23/10/1999 |
| 12 | 2308101918 | SONAL DAHARIYA | 23/04/1998 |
| 13 | 2308101982 | MADHUBALA VAISHNAV | 20/04/1991 |
| 14 | 2308102014 | NARAD SINGH | 11/01/1998 |
| 15 | 2308102251 | ADITI SHARMA | 05/01/1997 |
| 16 | 2308102345 | ANAMIKA KASHYAP | 26/12/1995 |
| 17 | 2308102398 | GOURAV MAHILONG | 10/03/1990 |
| 18 | 2308102511 | TANUJA DHRUW | 28/02/1995 |
| 19 | 2308103077 | JITENDRA KUMAR SONWANI | 20/07/1997 |
| 20 | 2308103163 | ARYAN UPADHYAY | 20/08/1999 |
| 21 | 2308103194 | RITESH KUMAR MANDAVI | 26/07/1993 |
| 22 | 2308103312 | CHAITALI KHANDEKAR | 05/05/1998 |
| 23 | 2308103387 | NOEL PANNA | 25/12/1991 |
| 24 | 2308103501 | SHWETA KURREY | 23/03/1996 |
| 25 | 2308103511 | MUKESH KUMAR NIRALA | 06/07/1989 |
| 26 | 2308103548 | KOMAL KRITI URAON | 16/11/2000 |
| 27 | 2308104115 | NIKHIL SAHU | 06/10/1997 |
| 28 | 2308104294 | ARPIT AGRAWAL | 05/06/1999 |
| 29 | 2308104313 | ATUL RANA | 14/05/1999 |
| 30 | 2308104406 | DIVYA DHURWEY | 12/05/1996 |
| 31 | 2308104642 | AYUSHMAN TIWARI | 29/06/1995 |
| 32 | 2308104828 | KAVYA SAHU | 05/11/1998 |
| 33 | 2308104945 | REETIKA RAHI | 12/12/1995 |
| 34 | 2308104982 | NAMRATA GUPTA | 12/02/1998 |
| 35 | 2308105053 | ABHISHEK KUMAR SONI | 01/03/1993 |
| 36 | 2308105078 | SONIA | 03/09/1992 |
| 37 | 2308105563 | AANCHAL JAISWAL | 21/10/2000 |
| 38 | 2308105644 | KARAN KUMAR | 13/07/1997 |
| 39 | 2308105690 | RITURAJ BURMAN | 02/01/1987 |
| 40 | 2308105713 | JYOTI CHANDRAKAR | 12/01/1995 |
| 41 | 2308105902 | POOJA PATEL | 04/11/1991 |
| 42 | 2308106009 | LATA SINGH | 11/04/1992 |
| 43 | 2308106083 | ANKIT HORA | 14/02/1995 |
| 44 | 2308106148 | BHOOPENDRA SINGH | 24/03/1993 |
| 45 | 2308106238 | KSHITIJ NAWARANG | 22/01/1998 |
| 46 | 2308106312 | AAYUSH TAMRAKAR | 24/11/1998 |
| 47 | 2308106315 | RAHUL KRISHNA SAHU | 26/03/1997 |
| 48 | 2308106700 | MAHIMA SHARMA | 20/01/1995 |
| 49 | 2308106714 | ANGEL SINGH | 05/06/1999 |
| 50 | 2308106829 | SHILPA MANTRI | 13/08/1989 |
| 51 | 2308106873 | PARVEJ HASAN | 30/08/1991 |
| 52 | 2308107078 | RAHUL BHAGYA | 09/01/1991 |
| 53 | 2308107081 | INDUMATI | 05/07/1992 |
| 54 | 2308107089 | SHREYA TULAVI | 28/05/2000 |
| 55 | 2308107137 | HIMANSHU PANDA | 30/12/1995 |
| 56 | 2308107140 | PRIYANKA GOSWAMI | 04/09/1992 |
| 57 | 2308107334 | MAYANK DHRUW | 27/08/1995 |
| 58 | 2308107375 | ANJU PATHRE | 28/02/1996 |
| 59 | 2308107449 | CHANDRA KIRAN MANKAR | 16/07/1998 |
| 60 | 2308107493 | PRAGYA VAISHNAV | 03/03/1999 |
| 61 | 2308107559 | SHRUTI YADAV | 12/06/1998 |
| 62 | 2308107602 | JAGRITI DHRUW | 04/04/1994 |
| 63 | 2308107609 | MINAL SAHU | 31/10/1994 |
| 64 | 2308107694 | RAHUL DHAKAD | 22/05/1996 |
| 65 | 2308108153 | KHUSHBOO | 02/11/1992 |
| 66 | 2308108172 | BHUMIKA SAHU | 07/02/1994 |
| 67 | 2308108174 | DHANANJAY JAIN | 02/01/1994 |
| 68 | 2308108199 | SAKSHI SHAH | 11/10/1991 |
| 69 | 2308108209 | DOMENDRA KUMAR DESHMUKH | 10/10/1993 |
| 70 | 2308108211 | UTTAMA CHATURVEDI | 29/03/1999 |
| 71 | 2308108215 | DWIJ SINGH SENGAR | 29/10/1996 |
| 72 | 2308108253 | GRACY SINGH | 26/11/1998 |
| 73 | 2308108276 | RIYA GANVIR | 13/06/1996 |
| 74 | 2308108316 | PRIYA DARSHAN GOSWAMI | 20/07/1998 |
| 75 | 2308108331 | YOGITA SINHA | 01/12/1997 |
| 76 | 2308108476 | NEERAJ | 22/10/1990 |
| 77 | 2308108645 | NEETU MARKAM | 01/09/1997 |
| 78 | 2308108665 | PRADEEP SINHA | 30/07/1998 |
| 79 | 2308108700 | ANJEETA KHUTEY | 28/04/1998 |
| 80 | 2308108950 | SRISHTI TRIPATHI | 25/09/1997 |
| 81 | 2308109019 | DIMPLE | 22/06/1988 |
| 82 | 2308109376 | SWATI CHHAPARIYA | 03/02/1998 |
| 83 | 2308110303 | SRIJAN KUMAR VERMA | 21/08/1999 |
| 84 | 2308110393 | DARSHNA SHARMA | 04/05/1997 |
| 85 | 2308110599 | AADITYA JAIN | 14/05/1998 |
| 86 | 2308111618 | RESHMA MARY XALXO | 14/06/1990 |
| 87 | 2308111694 | GARIMA NAG | 20/06/1996 |
| 88 | 2308111847 | TRAPTI RAGHAV | 22/02/1996 |
| 89 | 2308111959 | LEEZA PAL | 18/12/1999 |
| 90 | 2308112113 | NEELMANI | 08/06/1990 |
| 91 | 2308112202 | GHATESHWARI | 25/10/1994 |
| 92 | 2308112375 | ANKIT NANDE | 29/06/2000 |
| 93 | 2308112831 | NEHA TIRKEY | 25/01/1996 |
| 94 | 2308112873 | PRAGYA VAISHNOW | 23/11/1998 |
| 95 | 2308112991 | ARCHITA SANGHVI | 14/04/1995 |
| 96 | 2308113188 | VANDANA MANDAVI | 20/04/1988 |
| 97 | 2308113269 | REEMA LAKRA | 05/01/1995 |
| 98 | 2308113598 | MANSHI JAIN | 27/07/1999 |
| 99 | 2308113670 | NISHI BARA | 19/05/1998 |
| 100 | 2308113676 | SAWAN KUMAR THAKUR | 13/08/1984 |

क्रमशः

| | | | |
|---|---|---|---|
| 101 | 2308113678 | PRAVEEN VERMA | 06/03/1996 |
| 102 | 2308113703 | SHWETA DIWAN | 29/08/1992 |
| 103 | 2308114025 | PRIYESH PATHAK | 12/11/1999 |
| 104 | 2308114062 | SARANSH PORWAL | 31/01/1999 |
| 105 | 2308114495 | AARTI DHRUW | 14/08/1999 |
| 106 | 2308114648 | SAMEER KUMAR GAJBHIYE | 01/07/1984 |
| 107 | 2308114766 | SOMYA JAIN | 07/05/1996 |
| 108 | 2308114812 | SAURABH KUMAR TARAR | 24/11/1988 |
| 109 | 2308114830 | POOJA AGRAWAL | 14/07/1986 |
| 110 | 2308115268 | CHHATRAPAL SINGH JOLHE | 24/05/1995 |
| 111 | 2308115273 | SUNIL KUMAR JOLHE | 02/06/1988 |
| 112 | 2308115306 | BHOOMIKA DHRUW | 15/06/1995 |
| 113 | 2308115360 | MUSKAN MANSURI | 15/10/1999 |
| 114 | 2308115607 | ADITI SANODIYA | 26/03/2000 |
| 115 | 2308115659 | HIMANSHU CHANDRAKAR | 11/04/2000 |
| 116 | 2308116028 | HARISH | 25/06/1994 |
| 117 | 2308116273 | DEEPANSHU KUSHRAM | 23/06/1996 |
| 118 | 2308116400 | SURAJ RANA | 01/04/2001 |
| 119 | 2308116764 | POONAM NASHINE | 30/05/1999 |
| 120 | 2308116901 | SUKHNATH SAI PAINKRA | 07/11/1991 |
| 121 | 2308116927 | TUSHAR BARIK | 17/09/1997 |
| 122 | 2308117122 | SUMITA RANI | 25/06/1998 |
| 123 | 2308117436 | NANDINI PATEL | 01/03/1997 |
| 124 | 2308117526 | SEEMA NETAM | 03/01/1994 |
| 125 | 2308118220 | ADITYA PRAKASH TIRKEY | 29/12/1996 |
| 126 | 2308118224 | KALYANI | 08/12/1996 |
| 127 | 2308118354 | PRACHI PRADHAN | 02/10/1997 |
| 128 | 2308118430 | HARSHITA SINGHAI | 24/07/1998 |
| 129 | 2308118694 | SRISHTI SONKALA | 14/04/1999 |
| 130 | 2308118752 | SUMIT KUMAR NAYAK | 05/05/1991 |
| 131 | 2308118858 | AARTI SHARMA | 25/08/1996 |
| 132 | 2308119006 | DEEPIKA THAKUR | 31/10/1994 |
| 133 | 2308119074 | YASH MOURYA | 12/04/1995 |
| 134 | 2308119082 | AYUSHI SHUKLA | 06/09/1997 |
| 135 | 2308119260 | SHARDA SHARMA | 27/03/1998 |
| 136 | 2308119348 | SALMA LAKRA | 12/02/1996 |
| 137 | 2308119365 | NIRMALA SONWANE | 10/06/1986 |
| 138 | 2308119655 | HARISH KUMAR SALAME | 20/02/1997 |
| 139 | 2308119820 | SULANDA TIGGA | 20/10/1993 |
| 140 | 2308119833 | APEKSHA SAKSHI PETER | 04/04/2000 |
| 141 | 2308119954 | MOTILAL DIWAN | 02/10/1995 |
| 142 | 2308120193 | NAKUL | 20/08/1998 |
| 143 | 2308120479 | AJAY BHATT | 09/06/1995 |
| 144 | 2308120782 | RAJAT TOPPO | 21/02/1993 |
| 145 | 2308120841 | SANTOSH KUMAR DHRUW | 22/03/1984 |
| 146 | 2308121057 | BHAWNA NETAM | 08/07/1998 |
| 147 | 2308121241 | SAJAL JAIN | 09/01/2000 |
| 148 | 2308121504 | PRADEEP KUMAR BELODHIYA | 26/01/1989 |
| 149 | 2308121634 | RADHA | 28/08/1984 |
| 150 | 2308121901 | TAVISH KHAN | 16/10/1998 |
| 151 | 2308121931 | BHAMINI RATHI | 26/07/1999 |

**TOTAL : 151**

टीपः- 1. व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा-2023 के आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु उपर्युक्तानुसार चिन्हांकित अभ्यर्थियों की अर्हता छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 08/2023 / परीक्षा / दिनांक 01/06/2023 प्रकाशन की तिथि 07/06/2023 की समस्त कंडिकाओं में वर्णित प्रावधानों तथा छत्तीसगढ़ शासन के विद्यमान नियमों के अधीन होगी।

2. किसी वर्ग अथवा उपवर्ग में चिन्हांकित अंतिम अभ्यर्थी के समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी भी साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किए जाते हैं।

3. साक्षात्कार हेतु उक्त अभ्यर्थियों का चिन्हांकन पूर्णतः प्रावधिक है तथा चिन्हांकन / चयन के किसी भी स्तर पर किसी भी अभ्यर्थी को अयोग्य पाए जाने पर आयोग द्वारा अनर्ह घोषित कर चिन्हांकन / चयन प्रक्रिया से पृथक किया जा सकता है।

4. व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के साक्षात्कार की तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

5. उक्त परीक्षा के साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें।

6. उक्त परीक्षा परिणाम माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी.) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।

7. उपर्युक्तानुसार घोषित लिखित परीक्षा परिणाम में अंकण/टंकण/मुद्रण/प्रक्रिया संबंधी त्रुटि होने पर आयोग में संधारित मूल डाटा के आधार पर तैयार सूची ही मान्य होगी।

(छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित)

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य विद्युत निरीक्षक, छ०ग०शासन

## बी० ब्लाक, द्वितीय तल इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर

**(छ०ग०) दूरभाष नं0 0771-2331482, E-mail-ceiraipur@gmail.com**

### पर्यवेक्षक परीक्षा 2024

छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विनियम) 1960, (अनुकुलन 2000) के प्रावधानानुसार पर्यवेक्षक सक्षमता प्रमाण पत्र (पर्यवेक्षक परीक्षा) 2024 का आयोजन दिनांक 22.07.2024 से 25.07.2024 तक आयोजित किया गया था जिसका परीक्षाफल दिनांक 04.11.2024 को घोषित किया जा कर विभागीय वेबसाईट www.cei.cg.gov.in एवं www.cspdel.co.in में अपलोड किया जा चुका है।

(मनोज कोशले)
मुख्य विद्युत निरीक्षक,
छ०ग०शासन, नवा रायपुर

**आर.ओ.177/जी-242503641.3**

# छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित,

## रायपुर जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, सरगुजा, अम्बिकापुर

### -:: प्रबंधक की नियुक्ति हेतु विज्ञापनः-

कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. सरगुजा में व्यक्तिगत रजिस्टर्ड डाक से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि कार्यालयीन दिवस 11:12:2024 तक प्रातः 11:00 से 05:00 सायं तक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर के आदेश क्रमांक/वनो. /पंजी/सह/2016/01 रायपुर, दिनांक 19.05.2016 द्वारा स्वीकृत "प्राथमिक वनोपज सहकारी संस्था मर्यादित प्रबंधक सेवा (नियोजन, निबंधन तथा कार्य स्थिति) नियम" सेवा नियम के अध्याय-2 अनुसार जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. सरगुजा कार्यक्षेत्र अन्तर्गत कार्यरत प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रमांक | समिति का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. दरिमा | 1 |
| 2. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. पेटला | 1 |
| 3. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. केदमा | 1 |

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक पद पर नियुक्ति हेतु केवल समिति क्षेत्र के तेन्दूपत्ता संग्राहक आवेदन के पात्र हैं तथा आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य नियम तथा शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला यूनियन के सूचना पटल एवं उक्त समिति कार्यालय में देख सकते हैं। आवेदन का प्रारूप इस कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सरगुजा, अम्बिकापुर

# कार्यालय जिला आयुष अधिकारी

## जांजगीर चांपा (छ.ग.)

क्रमांक / स्था. /2024/2487 जांजगीर, दिनांक 4/11/2024

### दावा आपत्ति

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक /स्था./2023/606 जांजगीर दिनांक 23.05.2023 के परिप्रेक्ष्य में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (दाई), औषधालय सेवक, चौकीदार, भृत्य, मसाजर (महि./पु.), वार्ड ब्वाय, रसोईया, किचन सर्वेन्ट एवं स्वच्छक के पद हेतु प्राप्त आवेदनों का निर्धारित योग्यता व अन्य सुसंगत जानकारी का चयन समिति द्वारा परीक्षण किया गया।

आवेदन पत्रों के परीक्षण में जिन अभ्यर्थियों के आवेदन अमान्य किये गये है उनकी प्रावधिक सूची जिला के वेबसाईट www.janjgir-champa.nic.in एवं कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। जिस आवेदक अथवा व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति दिनांक **25.11.2024 संध्या 5.30** बजे तक कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जांजगीर-चांपा (छ.ग.) जिला पंचायत कार्यालय के सामने में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रमाणित प्रमाण पत्रों के साथ लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

जिला आयुष अधिकारी
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग)

**आर.ओ.178/जी-242503665.4**

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति,


## संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़

## इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-01, द्वितीय तल, नया रायपुर, 492002

दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax), E-Mail: dirwcd.cg@nic.in


# मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों एवं स्वीकृति अनुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से दिनांक 28/11/2024 तक आवेदन आमंत्रित है। उक्त पदों पर भर्ती के लिये आवेदन संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित करना होगा। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :-

**1 जिला बाल संरक्षण इकाई में रिक्त पदों का विवरण:-**

| क्र | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई बालोद** | | | | | | |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 44023/- |
| 2 | संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 3 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 4 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| 5 | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 13240/- |
| 6 | आउटरीच वर्कर | 01 | 01 | 01 | 00 | 03 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई बलरामपुर** | | | | | | |
| 1 | संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 2 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 18592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई बस्तर** | | | | | | |
| 1 | लेखापाल | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई- बेमेतरा** | | | | | | |
| 1 | संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 2 | विधिक सह परीवीक्षा | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 3 | आउटरीच वर्कर | 01 | 00 | 00 | 01 | 02 | 10592/- |

**जिला बाल संरक्षण इकाई-बीजापुर**

| क्र | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 1 | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 13240/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-बिलासपुर** | | | | | | |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 44023/- |
| 2 | लेखापाल | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| 3 | डाटा एनालिस्ट | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 4 | आउटरीच वर्कर | 01 | 00 | 00 | 01 | 02 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-दंतेवाडा** | | | | | | |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 44023/- |
| 2 | संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 18592/- |
| 3 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 4 | सामाजिक कार्यकर्ता | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 5 | लेखापाल | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 6 | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 13240/- |
| 7 | आउटरीच वर्कर | 00 | 02 | 00 | 01 | 03 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-धमतरी** | | | | | | |
| 1 | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 13240/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-जशपुर** | | | | | | |
| 1 | डाटा एनालिस्ट | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-कांकेर** | | | | | | |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 44023/- |
| 2 | संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 27804/- |
| 3 | परामर्शदाता | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 4 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 5 | लेखापाल | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 6 | आउटरीच वर्कर | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-कोण्डागांव** | | | | | | |
| 1 | परामर्शदाता | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 2 | डाटा एनालिस्ट | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 3 | आउटरीच वर्कर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 10592/- |

**जिला बाल संरक्षण इकाई-कोरबा**

| क्र | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 1 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| 2 | लेखापाल | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| 3 | डाटा एनालिस्ट | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 4 | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 13240/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-कोरिया** | | | | | | |
| 1 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-महासमुंद** | | | | | | |
| 1 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 18536/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-सुकमा** | | | | | | |
| 1 | परामर्शदाता | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 2 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 02 | 00 | 00 | 02 | 18536/- |
| 3 | लेखापाल | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 18536/- |
| 4 | आउटरीच वर्कर | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | 10592/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-रायगढ** | | | | | | |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 44023/- |
| 2 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 01 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| | **जिला बाल संरक्षण इकाई-सूरजपुर** | | | | | | |
| 1 | सामाजिक कार्यकर्ता | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 18536/- |
| 2 | आउटरीच वर्कर | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | 10592/- |

क्रमशः

2. जिला बाल संरक्षण इकाई हेतु शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव :-

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य / समाजशास्त्र /बाल विकास/ मानवाधिकार / लोक प्रशासन / मनोविज्ञान/ मनोचिकित्सा/विधि/ जन स्वास्थ्य / सामुदायिक संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | महिला एवं बाल विकास / अंग्रेजी एवं हिन्दी समाज कल्याण के क्षेत्र में प्रलेखन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, परियोजना निर्माण / कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में सरकारी / गैर सरकारी संगठन के साथ काम करने का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान। |
| 2 | संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य / समाजशास्त्र / बाल विकास/ मानवाधिकार/लोक प्रशासन / मनोविज्ञान / मनोचिकित्सा/विधि/जन स्वास्थ्य / सामुदायिक संसाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उपरोक्त विषयों में स्नातक डिग्री होने की स्थिति में महिला एवं बाल विकास / समाज कल्याण के क्षेत्र में प्रलेखन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, परियोजना निर्माण/कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में 02 वर्ष का अनुभव | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी एवं हिन्दी वांछित विषयों में स्नातक योग्यताधारी के लिए महिला एवं बाल विकास / समाज कल्याण के क्षेत्र में प्रलेखन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, परियोजना निर्माण/ कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में 02 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान। |
| 3 | संरक्षण अधिकारी-गैर संस्थागत देखरेख | अनुभव किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य/ समाजशास्त्र/बाल विकास / मानवाधिकार / लोक प्रशासन/मनोविज्ञान/ मनोचिकित्सा/विधि/जन स्वास्थ्य / सामुदायिक ससाधन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा किसी मान्यता विश्वविद्यालय से प्राप्त उपरोक्त विषयों में स्नातक डिग्री होने की स्थिति में महिला एवं बाल विकास/ समाज कल्याण के क्षेत्र में प्रलेखन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, परियोजना निर्माण / कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में 02 वर्ष का अनुभव | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / कम्प्यूटर / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | मान्यता प्राप्त. विश्वविद्यालय से वांछित विषयों में स्नातक योग्यताधारी के लिए महिला एवं बाल विकास / समाज कल्याण के क्षेत्र में प्रलेखन, प्रशिकृक्षण एवं क्षमता निर्माण, परियोजना निर्माण / कार्यान्वयन, निगरानी और पर्यवेक्षण में 02 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान। |
| 4 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एलएलबी | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के क्षेत्र सरकारी/एनजीओ/विधि में मामलों के साथ काम करने का कम से कम 02 साल का अनुभव । | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान। महिलाओं और बच्चों के अधिकारों और संरक्षण की मुद दों की अच्छी समझ । |
| 5 | परामर्शदाता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय रो समाज कार्य / समाजशास्त्र / मनोविज्ञान/जन स्वास्थ्य/ काउंसलिंग में स्नातक एवं काउंसलिंग और संचार में पीजी डिप्लोमा | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सरकार/एनजीओ के साथ काम करने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान। |
| 6 | सामाजिक कार्यकर्ता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य / समाजशास्त्र / सामाजि क विज्ञान में स्नातक । | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / कम्प्यूटर / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | - |
| 7 | लेखापाल | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य / गणित विषय में स्नातक एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से टेली कोर्स का प्रमाण-पत्र । | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। टेली पर कमांड होना चाहिए। | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | - |
| 8 | डाटा एनालिस्ट | किसी मान्यता विश्वविद्यालय प्राप्त से सांख्यिकी / गणित / अर्थशास्त्र / कम्प्यूटर में स्नातक । | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | - |
| 9 | सहायक सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / समकक्ष बोर्ड से 12 वी उत्तीर्ण | हिन्दी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। अंग्रेजी में 8000 (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति । | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव / दक्षता अथवा अंग्रेजी टाईपिंग उत्तीर्ण |
| 10 | आउटरीच वर्कर | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/समकक्ष बोर्ड से 12 वीं उत्तीर्ण | अच्छा संचार कौशल | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | - |

**टीप :- पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है।**

3. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता के दस्तावेज आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप से आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए, अन्यथा आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

4. **आयु सीमा-**

4.1 सभी पदों हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। इन पदों हेतु इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप आयु की छूट की पात्रता होगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4.2 सभी पदों पर अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।

4.3 आयु के प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण-पत्र या 10वीं की अंक सूची मान्य होगा।

5. **निवास :-** अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।

6. पदों हेतु आरक्षण संविदा नियुक्ति के लिए छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश लागू होंगे। आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा / होगी।

8. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा / होगी। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

**टीपः-** कंडिका-07 एवं 08 के संबंध में चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को रू. 50/- के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. **अनुभव के संबंध में निर्देश निम्नानुसार है :-**

9.1 अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक अनुभव प्रमाण-पत्र मान्य होंगे।

9.2 किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण-पत्र अनुभव के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

The Advertisement No. 05/2023 dated 23/09/2023 published for recruitment to the 14 posts of Court Manager on the establishment of this High Court, is cancelled. Accordingly the applications received against the said advertisement are filed.

**By order of Hon'ble the Chief Justice**
(Balram Prasad Verma)
Registrar General

आर.ओ.178/जी-242503728.6

# राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी National Testing Agency

**(उच्चत्तर शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)**

**(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)**

**सम्पर्क सूत्र / Helpline Number: +91-11-40759000, e-mail: jeemain@nta.ac.in वेबसाइट / Website www.nta.ac.in, https://jeemain.nta.nic.in**

**Sub: Inviting Online Application Forms for Joint Entrance Examination (Main) - 2025 - Reg.**

The Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India has entrusted the responsibility of conducting the Joint Entrance Examination (Main) to the NTA from 2019 onwards.

JEE (Main) comprises of two papers. Paper 1 (B.E./B. Tech.) is conducted for admission to Undergraduate Engineering Programs (B.E/B. Tech) at NITs, IIITs, other Centrally Funded Technical Institutions (CFTIs), Institutions/Universities funded/recognized by participating State Governments. It is also an eligibility test for JEE (Advanced), which is conducted for admission to IITs. Paper 2 of JEE (Main) is conducted for admission to B. Arch and B. Planning courses in the Country.

For Academic Session 2025-26, it has been decided that the JEE (Main) - 2025 will be conducted in two Sessions i.e. Session 1 (January 2025) and Session 2 (April 2025). The details for the Session 1 (January 2025) are given below:

| | |
|---|---|
| Online Submission of Application Form | 28 October 2024 to 22 November 2024 (Up to 09:00 P.M.) |
| Last date of successful transaction of fee through Credit/Debit Card/Net-Banking/UPI | 22 November 2024 (up to 11:50 P.M.) |
| Announcement of the City of Examination | By the First week of January 2025 |
| Downloading Admit Cards from the NTA website | 03 days before the actual date of the Examination |
| Date(s) of Examination | Between 22 January to 31 January 2025 |
| Centre, Date and Shift | As indicated on the Admit Card |
| Display of Recorded Responses and Answer Keys | To be announced later on the website |
| Website(s) | www.nta.ac.in, https://jeemain.nta.nic.in/ |

JEE (Main) - 2025 will be conducted in 13 languages i.e. English, Hindi, Assamese, Bengali, Gujarati, Kannada, Malayalam, Marathi, Odia, Punjabi, Tamil, Telugu, and Urdu.

(i) A candidate can apply for Session-1 (January 2025) examination and pay the exam fee accordingly. The candidates will be given opportunity to apply for Session-2 (April 2025) separately (using same application number) along with the fee payment, for which separate notification will be issued.

(ii) If a candidate wishes to apply for Session 2 (April 2025), the candidate can log in and pay the Examination Fee for Session 2 during that period. If candidate wishes to apply only for Session-2 (April 2025), he can register later, when application form for Session-2 (April 2025) is active.

(iii) The application window for Session 2 will be re-opened as per the details available in the Information Bulletin and will also be notified separately through a Public Notice.

**The JEE (Main) Session 1 will be conducted as under:**

| Paper | Subjects | Section A | Section B | Mode of the Examination | Timing of the Examination (1ST) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | First Shift | Second Shift |
| Paper 1 (B.E./B.Tech.) | Mathematics | 20* | 05* | Computer Based Test (CBT) mode | 09:00A.M. to 12:00 Noon | 03:00P.M. to 06:00P.M. |
| | Physics | 20* | 05* | | | |
| | Chemistry | 20* | 05* | | | |
| | Total | 75 | | | | |
| Paper 2A (B. Arch.) | Mathematics - Part I | 20* | 05* | Computer Based Test (CBT) mode except Drawing Test (Part-III) in pen and paper (offline) mode, to be attempted on a drawing sheet of A4 size | 09:00A.M. to 12:00 Noon | 03:00P.M. to 06:00P.M. |
| | Aptitude Test - Part II | 50 | | | | |
| | Drawing Test - Part III | 02 | | | | |
| | | 77 | | | | |
| Paper 2B (B. Planning) | Mathematics - Part I | 20* | 05* | Computer Based Test (CBT) mode | 03:00P.M. to 06:00P.M. | |
| | Aptitude Test - Part II | 50 | | | | |
| | Planning - Part III | 25 | | | | |
| | Total | 100 | | | | |

*** For Paper 1 and Part-/ of Paper 2, each Subject will have two sections. Section A will be of Multiple-Choice Questions (MCQs) and Section B will contain Questions whose answers are to befilled in as a numerical value. There will be negative marking for incorrect answers in both Section A and Section B.**

* For Paper 1 and Part-1 of Paper 2, each Subject will have two sections. Section A will be of Multiple-Choice Questions (MCQs) and Section B will contain Questions whose answers are to be filled in as a numerical value. There will be negative marking for incorrect answers in both Section A and Section B.

For details of Papers, Scheme, Timing, Eligibility and other information, candidates are requested to please check the Information Bulletin of JEE (Main) 2025 available on the website https://jeemain.nta.nic.ac.in/.

**Important Instructions:**

i Candidates can apply for JEE (Main)-2025 Session 1 through the "Online" mode only through the website https://jeemain.nta.nic.in/ The Application Form in any other mode will not be accepted.

ii. Only one application is to be submitted by a candidate. Under no circumstances, candidates will be allowed to fill more than one Application Form. Strict action will be taken, even at a later stage, against such candidates who have filled more than one Application Form.

iii. Candidates must strictly follow the instructions given in the Information Bulletin and on the NTA website. Candidates not complying with the instructions shall be summarily disqualified.

iv. Candidates must ensure that the e-mail address and Mobile Number provided in the Online Application Form are their own or Parents/Guardians' only as all information/communication will be sent by NTA through e-mail on the registered e-mail address or SMS on the registered Mobile Number only. In case any candidate faces difficulty in applying for JEE (Main) 2025, he/she may contact 011-40759000/011-69227700 or e-mail at jeemain@nta.ac.in. For further clarification related to the JEE (Main) 2025, the Candidates are advised to visit the official websites of NTA (www.nta.ac.in) and (https://jeemain.nta.nic.in/) for the latest updates.

**Director (Exams)**

# प्रादेशिक सेना समूह मुख्यालय, उत्तरी कमान इन्फैंट्री बटालियन/होम एंड हर्थ बटालियन/इखवान बटालियन/ इंजीनियर रेजिमेंट (प्रादेशिक सेना) में भर्ती के लिए विज्ञापन

**प्रादेशिक सेना में चयन 'निष्पक्ष और पारदर्शी' है और केवल योग्यता के आधार पर होता है. प्रादेशिक सेना में चयन या भर्ती के लिए किसी भी स्तर पर किसी को रिश्वत नहीं दी जानी चाहिए. उम्मीदवार को ऐसे बेईमान व्यक्ति के झांसे में नहीं आना चाहिए जो अपने आपको भर्ती एजेंट के रूप में प्रस्तुत करते हों.**

1. निम्नलिखित प्रादेशिक सेना (टीए) इकाइयों के लिए भर्ती 08 **नवंबर, 2024 से 27 नवंबर, 2024** तक आयोजित की जाएगी.

| क्र. सं. | इकाई | स्थान | रिक्त पद | | | | | | | | | | | | | | | दिनांक | अधिवास/भर्ती का क्षेत्र | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य ड्यूटी | लिपिक | शेफ | कुक मेस | शेफ स्पेशल | उपकरण मरम्मतकर्ता | स्टीवर्ड | कारीगर धातुकर्म | कारीगर काष्ठकर्म | ड्रेसर | मसालची | दर्जी | हाउस कीपर | धोबी | कुल | | | |
| क) | 156 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) पंजाब और 174 इंजीनियरिंग रेजिमेंट (टीए) | एडवांस लैंडिंग ग्राउंड सुरनकोट | 307 | 8 | 12 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 6 | 1 | 0 | 6 | 6 | **352** | 08 नवंबर 2024 - 0600 बजे | संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर | सैनिक (लिपिक और ट्रेड्समैन) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 09 नवंबर 2024- 0600 बजे | अखनूर, मैरा मांड्रियन, खरहबल्ली, जौरियन, चौकी चौरा और खौर (जम्मू जिले की तहसील). | |
| | | | | 2 | 1 | | | | | | | 1 | | | | | **04** | 10 नवंबर 2024 - 0600 बजे | महोरे, चस्साना और थुरू (रियासी जिले की तहसीलें). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 11 नवंबर 2024 - 0600 बजे | पौनी, रियासी और अरनास (रियासी जिले की तहसीलें). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 12 नवंबर 2024 - 0600 बजे | सुंदरबनी, कालाकोट, तरयाथ और बेरीपट्टन, (राजौरी जिले की तहसीलें). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 13 नवंबर 2024 - 0600 बजे | किला-दरहाल, सियोट और नौशेरा (राजौरी जिले की तहसीलें) | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 14 नवंबर 2024 - 0600 बजे | थानामंडी, राजौरी और मंजाकोट (राजौरी जिले की तहसीलें). | सैनिक (सामान्य ड्यूटी) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 15 नवंबर 2024 - 0600 बजे | दरहाल, कोटरंका और खवास (राजौरी जिले की तहसीलें). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 16 नवंबर 2024 - 0600 बजे | मनकोट, बालाकोट और मेंढर (पुंछ जिले की तहसीलें). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 17 नवंबर 2024 - 0600 बजे | हवेली, मंडी और सुरनकोट (पुंछ जिले की तहसीलें). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 18 नवंबर 2024 से 20 नवंबर 2024 - 0600 बजे | शेष अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सा परीक्षण के लिए आरक्षित दिन. | |
| ख) | 159 इंफैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) डोगरा | दुग्गा, भालरा के निकट (डोडा), जम्मू-कश्मीर | 303 | 6 | 13 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 5 | 1 | 0 | 9 | 8 | **350** | 08 नवंबर 2024 0600 बजे | संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर | सैनिक (लिपिक और ट्रेड्समैन) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 09 नवंबर 2024 0600 बजे | जिला ऊधमपुर की सभी तहसीलें | सैनिक (सामान्य ड्यूटी) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 10 नवंबर 2024 - 0600 बजे | कटरा, रियासी, पौनी, भोमाग और चस्साना तहसील केवल जिला रियासी के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 11 नवंबर 2024 - 0600 बजे | अरनास, थुरू, ठाकराकोट और माहौर तहसील केवल जिला रियासी के लिए. | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 12 नवंबर 2024 - 0600 बजे | किश्तवाड़, अथोली (पद्दर), चटरू, मारवाह और वारवान तहसील केवल जिला किश्तवाड़ के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 13 नवंबर 2024 - 0600 बजे | दच्छन, द्रबशल्ला, नागसेनी, बोंजवाह, मचैल और मुगल मैदान तहसील केवल जिला किश्तवाड़ के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 14 नवंबर 2024 - 0600 बजे | बनिहाल, रामबन, खारी और राजगढ़ तहसील केवल जिला रामबन के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 15 नवंबर 2024 - 0600 बजे | बटोटे, गूल, पोगल पैरिस्तान और रामसूत हसील केवल जिला रामबन के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 16 नवंबर 2024 - 0600 बजे | डोडा, भद्रवाह, गुंदाना, भल्ला, थाथरी और भेला तहसील केवल जिला डोडा के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 17 नवंबर 2024 - 0600 बजे | कास्तीगढ़, अस्सर, मोहल्ला, गंडोह, फगसू और चिल्लीपिंगल तहसील केवल जिला डोडा के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 18 नवंबर 2024 - 0600 बजे | कहारा, मरमट, भारत बागला, चिराला और भगवाह तहसील केवल जिला डोडा के लिए | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 19 नवंबर 2024 और 20 नवंबर 2024 - 0600 बजे | शेष उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा परीक्षण और ट्रेड टेस्ट | |
| ग) | 160 इंफैंट्री बटालियन (टीए)(एच एंड एच) जैक राइफल्स और 175 इंजीनियरिंग रेजिमेंट (टीए) | एडवांस लैंडिंग ग्राउंड, पंजगाम | 278 | 3 | 15 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 1 | 1 | 5 | 3 | **316** | 08 नवंबर 2024 - 0600 बजे | लालपोरा, माछिल, करेन, अजास, कुपवाड़ा | सैनिक (सामान्य ड्यूटी) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 09 नवंबर 2024 - 0600 बजे | हंदवाड़ा, कलामाबाद, सुंबल | |
| | | | | 4 | 1 | | | | | | | 1 | | | | | **06** | 10 नवंबर 2024 - 0600 बजे | करनाह, लोलाब, जचलदारा, रामहाल, काजियाबाद | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 11 नवंबर 2024 - 0600 बजे | लंगेट, ड्रगमुल्ला, हाजिन, बांदीपोरा | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 12 नवंबर 2024 - 0600 बजे | क्रालपोरा, त्रेहगाम, विलगाम | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 13 नवंबर 2024 - 0600 बजे | गुरेज, तुलैल, अलोसा | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 14 नवंबर 2024 - 0600 बजे | संघ राज्य क्षेत्र जम्मू-कश्मीर | सैनिक (लिपिक और ट्रेड्समैन) |

**क्रमशः**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घ) | 161 इंफैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) जेएके एलआई और 173 इंजीनियरिंग रेजिमेंट (टीए) | गंथमूला (बारामूला के पास) | 263 | 5 | 13 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 | 6 | 0 | 0 | 6 | 5 | **304** | 11 और 12 नवंबर 2024- 0600 बजे | बारामूला (सभी तहसीलें) | सैनिक (सामान्य ड्यूटी) |
| | | | | 2 | | | | | | | | | | | | | 02 | 13 नवंबर 2024 - 0600 बजे | गंदेरबल, बडगाम (गंदेरबल की सभी तहसीलें और बडगाम जिले की केवल नरबल, मागाम, खाग, बीरवाह तहसीलें) | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 14 नवंबर 2024 - 0600 बजे | कुपवाड़ा और बांदीपोरा (कुपवाड़ा जिले की कुपवाड़ा, हंदवाड़ा, ड्रगमूला, काज़ियाबाद, लंगेट, लोलाब, विलगाम, कलामाबाद, करनाह (तंगधार) और क्रालपोरा तहसील और बांदीपोरा जिले की अजस, बांदीपोरा, हाजिन और सुंबल तहसील). | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 15 नवंबर 2024 - 0600 बजे | केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर | सैनिक (लिपिक और ट्रेड्समैन) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 16 नवंबर 2024 - 0600 बजे | आरक्षित दिन (केवल उपर्युक्त जिलों के लिए) | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 17 नवंबर 2024 - 0600 बजे | लंबित मेडिकल परीक्षा आयोजित करने के लिए आरक्षित दिन (केवल उपर्युक्त जिलों के लिए). | |
| ङ) | 162 इंफैंट्री बटालियन (टीए) जेएके एलआई | जेएके एलआई रेजिमेंट सेंटर, रंगरेथ, श्रीनगर | 274 | 3 | 11 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 6 | 0 | 1 | 7 | 6 | **313** | 09 नवंबर 2024 0600 बजे | जम्मू प्रांत, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश | सैनिक (लिपिक और ट्रेड्समैन) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 10 नवंबर 2024 0600 बजे | कश्मीर प्रांत, लेह, पंजाब, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 11 नवंबर 2024 0600 बजे | रामबन (बनिहाल, गूल, रामबन, पोगल, परिस्तान और उखराल), डोडा (कास्तीगढ़), किश्तवाड़ (वारवान, छत्रू और मुगल मैदान) | सैनिक (सामान्य ड्यूटी) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 12 नवंबर 2024 0600 बजे | पुंछ (सुरनकोट, मंडी और मेंढर), राजौरी (दरहाल, थानामंडी और बुधल), रियासी (चासाना और माहौर) | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 13 नवंबर 2024 0600 बजे | बारामूला (उरी, तंगमर्ग और बोनियार), कुलगाम जिला, पुलवामा जिला, शोपियां जिला. | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 14 नवंबर 2024 0600 बजे | केवल बडगाम जिला, गांदरबल (लार और कंगन) | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 15 नवंबर 2024 0600 बजे | अनंतनाग जिला | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 16 नवंबर 2024 0600 बजे | आरक्षित दिन | - |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 17 नवंबर से 25 नवंबर 2024-0600 बजे | चिकित्सा परीक्षण (पीएफटी उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए) | - |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 26 नवंबर से 27 नवंबर 2024- 0600 बजे | ट्रेड टेस्ट (चिकित्सा परीक्षण एवं पीएफटी उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए) | - |
| च) | 163 इंफैंट्री बटालियन (टीए) (एच एंड एच) सिख एलआई | लद्दाख स्काउट रेजिमेंटल सेंटर लेह (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) और हेलीपैड ग्राउंड कारगिल (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) | 206 | 3 | 16 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 7 | 1 | 1 | 7 | 8 | **254** | 11 नवंबर 2024 0700 बजे | जिला लेह (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) (सभी तहसीलें) | लद्दाख स्काउट रजिमेंट सेंटर (लेह) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 12 नवंबर 2024 0700 बजे | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 13 नवंबर 2024 0700 बजे | चिकित्सा परीक्षण | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 14 नवंबर 2024 0700 बजे | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 17 नवंबर 2024 0700 बजे | जिला कारगिल (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) (सभी तहसीलें) | हेलीपैड ग्राउंड कारगिल (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 18 नवंबर 2024 0700 बजे | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 19 नवंबर 2024 0700 बजे | चिकित्सा परीक्षण | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | 20 नवंबर 2024 0700 बजे | | |

2. **आयु:** भर्ती की तारीख को 18 से 42 वर्ष के बीच.

3. **शैक्षिक योग्यता:**

| क्र.सं. | श्रेणी | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| (क) | सैनिक (सामान्य ड्यूटी) | कक्षा 10वीं/मैट्रिक उत्तीर्ण, कुल मिलाकर 45% अंक तथा प्रत्येक विषय में 33% अंक. ग्रेडिंग प्रणाली अपनाने वाले बोर्ड के मामले में प्रत्येक विषय में न्यूनतम डी ग्रेड (33-40) प्राप्त किया हो या वह ग्रेड प्राप्त किया हो जिसमें न्यूनतम 33% और कुल मिलाकर C2 ग्रेड प्राप्त किया हो. |
| (ख) | सैनिक (लिपिक) | किसी भी स्ट्रीम (कला, वाणिज्य, विज्ञान) में 10+2/इंटरमीडिएट परीक्षा कुल 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो तथा प्रत्येक विषय में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किए हों. कक्षा 12वीं में अंग्रेजी और गणित/अकाउंट्स/बुक कीपिंग में 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है. |
| (ग) | सैनिक ट्रेड्समैन (हाउस कीपर और मेस कीपर को छोड़कर सभी ट्रेड्समैन) | (i) 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो.<br>(ii) कुल प्रतिशत की कोई शर्त नहीं है, लेकिन प्रत्येक विषय में न्यूनतम 33% अंक प्राप्त होने चाहिए. |
| (घ) | सैनिक ट्रेड्समैन (हाउस कीपर और मेस कीपर) | (i) 8वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो. (ii) कुल प्रतिशत की कोई शर्त नहीं है, लेकिन प्रत्येक विषय में न्यूनतम 33% अंक प्राप्त होने चाहिए. |

4. **अन्य पात्रता मानदंड:** किसी उम्मीदवार को भर्ती में शामिल होने की अनुमति देने से पहले, उसे निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी:-

(क) उम्मीदवार को उस इकाई के लिए निर्धारित क्षेत्र का निवासी होना चाहिए, जिसके लिए वह सेवाएं देने का इच्छुक है **(परिशिष्ट-क)**.

(ख) यदि वह किसी केंद्रीय/राज्य सरकार या सार्वजनिक संस्थान की सेवा में है, तो उसे भर्ती के लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी और इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्राप्त करना होगा कि जब भी आवश्यकता होगी, उसकी सेवाएं तत्काल टीए में सेवा के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी.

(ग) वह किसी सशस्त्र बल/आरक्षित बल/सीएपीएफ/राज्य पुलिस बल से संबंधित नहीं होना चाहिए.

(घ) उसकी कोई आरक्षित देयता नहीं होनी चाहिए.

(ङ) उसे टीए या बलों से सेवा से बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए जैसा कि पैरा 4 (ख) में उल्लेख किया गया है.

(च) उसकी एक से अधिक जीवित पत्नी नहीं होनी चाहिए.

(छ) उसे किसी आपराधिक न्यायालय में किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया हो.

क्रमशः

5. शारीरिक मानदंड :-

(क) कद - 160 से.मी (पूर्वी हिमालयी क्षेत्र [सिक्किम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी क्षेत्र (दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिले)] के निवासियों, भारतीय अधिवासी गोरखा, गढ़वाली और लद्दाखियों के मामले में 157 से.मी.).

(ख) सीना - 82 से.मी. (बिना फुलाए 77 से.मी.)

(ग) भार- सेना चिकित्सा मानक के अनुसार कद और आयु के अनुपात में.

6. शारीरिक मानकों में छूट:-

| | श्रेणी | कद | भार | सीना |
|---|---|---|---|---|
| (क) | सैनिकों के पुत्र, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में शहीद सैनिक की विधवा या भूतपूर्व सैनिकों की विधवा, शहीद सैनिक की विधवा के दत्तक पुत्र/दामाद, यदि उसका कोई पुत्र न हो. | 02 से.मी. | 02 कि.ग्रा. | 01 से.मी. |
| (ख) | उत्कृष्ट खिलाड़ी (अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर) | 03 से.मी. | 03 कि.ग्रा. | 03 से.मी. |

7. ट्रेड परीक्षा

(क) सैनिक लिपिक- सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षण (अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि उन्हें कार्यालय में प्रयुक्त सॉफ्टवेयर, टाइपिंग, बुनियादी हार्डवेयर, आदि की जानकारी हो और इसी आधार पर परीक्षण किया जाएगा, जैसा कि किसी इकाई में लिपिक से अपेक्षित है).

(ख) ट्रेड्समैन - संबद्ध ट्रेड में विशेषज्ञता प्राप्त की हो.

8. टैटू

(क) जनजातीय समुदायों/जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित उम्मीदवारों को, जिस जनजाति से वे संबंधित हैं, उस जनजाति के मौजूदा रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार, शरीर के किसी भी हिस्से पर स्थायी टैटू बनवाने की अनुमति है. ऐसे उम्मीदवारों को केवल निम्नलिखित दो प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमति दी जाएगीः-

(i) उम्मीदवारों द्वारा नीचे दिए गए (**परिशिष्ट-ख**) में हस्ताक्षरित स्व-प्रमाणन प्रमाण पत्र.

(ii) जिला/तहसील के डीसी/डीएम या एसडीएम द्वारा हस्ताक्षरित जनजातीय समुदाय से संबंधित प्रमाण पत्र और स्थायी शरीर टैटू(ओं) की अनुमति, जहां उम्मीदवारों की जनजाति वर्तमान में (**परिशिष्ट-ग** में दिए गए प्रारूप में) बसी हुई है (संबंधित अधिकारी का नाम और पदनाम का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए).

(ख) धार्मिक भावना से जुड़े स्थायी टैटू केवल बांह के अंदरूनी हिस्से पर ही बनाए जा सकते हैं, जैसे कोहनी के अंदर से कलाई तक और हथेली के पीछे की तरफ/हाथ के पिछले (पृष्ठीय) हिस्से पर. शरीर के किसी अन्य हिस्से पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को आगे के चयन से रोक दिया जाएगा.

9. शारीरिक फिटनेस परीक्षण- शारीरिक फिटनेस के लिए 100 अंक निम्नानुसार होंगेः-

(क) 1 मील की दौड़

| आयु | समय | अंक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 18 से 30 वर्ष | 5 मिनट 30 सेकेंड तक | 60 अंक | **1 मील की दौड़ #** |
| | 5 मिनट 31 सेकेंड से 5 मिनट 45 सेकेंड तक | 40 अंक | **(i) 18 से 30 वर्ष-** |
| | 5 मिनट 46 सेकेंड और उससे ऊपर | विफल | 5 मिनट 45 सेकेंड. |
| 31 से 42 वर्ष | 6 मिनट 15 सेकेंड तक | 60 अंक | **(ii) 31 से 42 वर्ष-** |
| | 6 मिनट 16 सेकेंड से 6 मिनट 30 सेकेंड तक | 40 अंक | 6 मिनट 30 सेकेंड. |
| | 6 मिनट 31 सेकेंड और उससे ऊपर | विफल | |

(ख) पुल अप्स

| 18-30 वर्ष | 31-42 वर्ष | अंक |
|---|---|---|
| 10 और उससे ऊपर | 9 और उससे ऊपर | 40 |
| 9 | 8 | 33 |
| 8 | 7 | 27 |
| 7 | 6 | 21 |
| 6 | 5 | 16 |
| 5 और उससे नीचे | 4 और उससे नीचे | विफल |

(ग) बैलेंस और 9 फुट की खाई. यह क्वोलिफाइंग परीक्षण हैं और इनके लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे.

**# नोटः** सैनिक लिपिक श्रेणी के लिए, 1 मील की दौड़, पुल अप्स क्वालिफाइंग परीक्षण होंगे और इनके लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे.

10. **लिखित परीक्षा-** शारीरिक फिटनेस और चिकित्सा परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से गुजरना होगा, जिसका प्रश्न पत्र द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होगा.

11. **परीक्षा स्तर-** लिखित परीक्षा में एक प्रश्नपत्र (वस्तुनिष्ठ प्रकार) होगा, जिसकी अवधि दो घंटे होगी और यह **मैट्रिकुलेट/आठवीं कक्षा,** जो भी लागू हो, के स्तर का होगा, जिसमें सीबीएसई का निम्नलिखित पाठ्यक्रम होगाः-

(क) सैनिक-सामान्य ड्यूटी और ट्रेड्समैन

(i) सामान्य ज्ञान, जिसमें 20 प्रश्न होंगे, प्रत्येक 02 अंक का होगा.

(ii) सामान्य विज्ञान, जिसमें 15 प्रश्न होंगे, प्रत्येक 02 अंक का होगा.

(iii) प्रारंभिक गणित, जिसमें 15 प्रश्न होंगे, प्रत्येक 02 अंक का होगा.

(ख) सैनिक लिपिक

(i) सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान, जिसमें 10 प्रश्न होंगे, प्रत्येक 02 अंक का होगा.

(ii) प्रारंभिक गणित और कंप्यूटर विज्ञान, जिसमें 15 प्रश्न होंगे, प्रत्येक 02 अंक का होगा.

(iii) सामान्य अंग्रेजी, जिसमें 25 प्रश्न होंगे, प्रत्येक 02 अंक का होगा.

12. लिखित परीक्षा (सीईई) की तिथि की सूचना शारीरिक फिटनेस, चिकित्सा परीक्षण और ट्रेड टेस्ट (जहां भी लागू हो) उत्तीर्ण करने वाले सभी उम्मीदवारों को बाद में दी जाएगी.

13. **चयन/अभिरुचि परीक्षण (162 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) जेएके एलआई सहित होम एंड हर्थ इकाइयों के सामान्य ड्यूटी सैनिकों के लिए).** इन बटालियनों में काम करने के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का पता लगाने के वास्ते, उन उम्मीदवारों के मामले में चयन/अभिरुचि परीक्षण का आयोजन किया जाएगा, जो शारीरिक फिटनेस टेस्ट, चिकित्सा परीक्षण, ट्रेड टेस्ट (जहां भी लागू हो) और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे.

14. अंतिम योग्यता सूची की तैयारी केवल उन उम्मीदवारों के लिए की जाएगी जो शारीरिक फिटनेस परीक्षण और चिकित्सा परीक्षण, ट्रेड टेस्ट (जहां भी लागू हो), लिखित परीक्षा (सीईई) और चयन/अभिरुचि परीक्षण (जहां भी लागू हो) में उत्तीर्ण होंगे.

अपेक्षित दस्तावेज

15. उम्मीदवारों को निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ-साथ प्रमाणपत्रों की फोटोस्टेट प्रतियों के दो सेट, जो विधिवत सत्यापित हों, अपने साथ लाने होंगेः-

(क) **जन्म प्रमाण पत्रः** जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र या जन्म तिथि दर्शाने वाला 10वीं कक्षा का बोर्ड प्रमाणपत्र.

(ख) **शिक्षा प्रमाणपत्र**

(i) मान्यताप्राप्त स्कूल/कॉलेज/बोर्ड/विश्वविद्यालय से उम्मीदवार द्वारा प्राप्त सभी शैक्षिक योग्यताओं अर्थात मैट्रिक/इंटरमीडिएट आदि की अंकतालिका के साथ शिक्षा प्रमाणपत्र.

(ii) प्रोविजनल/ऑनलाइन शिक्षा प्रमाणपत्र संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख द्वारा स्याही से हस्ताक्षरित एवं प्रमाणित होना चाहिए.

(iii) ओपन स्कूल से मैट्रिक प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को बीईओ/डीईओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र लाना चाहिए.

(iv) राज्य सरकार/केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड (**परिशिष्ट-घ** में दिए गए अनुसार) ही स्वीकार किए जाएंगे.

(v) **8वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिएः** स्कूल द्वारा जारी 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अंकतालिका और स्थानांतरण प्रमाणपत्र (दोनों प्रमाणपत्र) जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होने चाहिए.

(ग) **अधिवास प्रमाणपत्रः** तहसीलदार/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी फोटो सहित अधिवास प्रमाणपत्र.

(घ) **जाति/जनजाति/समुदाय प्रमाणपत्रः** तहसीलदार/सब डिविजनल मजिस्ट्रेट/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी और उम्मीदवार के फोटो युक्त होना चाहिए.

(ङ) **धर्म प्रमाणपत्रः** तहसीलदार/एसडीएम द्वारा जारी किया जाने वाला धर्म प्रमाणपत्र (यदि जाति प्रमाणपत्र में **'सिख/हिंदू/मुस्लिम/ईसाई' धर्म** का उल्लेख नहीं है).

(च) **चरित्र प्रमाणपत्र :** पिछले छह महीनों के भीतर गांव के सरपंच/नगर निगम/एसएचओ/शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख द्वारा जारी फोटो सहित चरित्र प्रमाणपत्र.

(छ) **वैवाहिक स्थिति प्रमाणपत्रः पिछले छह महीनों के भीतर** गांव के सरपंच/नगर निगम द्वारा जारी विवाहित/अविवाहित प्रमाणपत्र.

(ज) **संबंध प्रमाणपत्रः** उम्मीदवार जो सेवारत सैनिक के पुत्र/पूर्व सैनिक के पुत्र/विधवा के पुत्र/युद्ध विधवा के पुत्र हैं, उन्हें निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगेः-

(i) संबंधित अभिलेख कार्यालय से जारी संबंध प्रमाणपत्र, जिस पर अभिलेख अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए गए हों, जिसमें संबंध प्रमाणपत्र जारी करने वाले अभिलेख अधिकारी का व्यक्तिगत नंबर, रैंक, नाम और विवरण कार्यालय की मुहर/स्टाम्प के साथ अंकित हो. संबंध प्रमाणपत्र पर संबंधित अभिलेखों के वॉटर मार्क होने चाहिए.

(ii) पूर्व सैनिक द्वारा दस रुपए के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर तैयार शपथ-पत्र में एक निर्दिष्ट घोषणा, जो प्रथम श्रेणी/कार्यकारी/न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हो, अभ्यर्थी को रैली स्थल पर प्रस्तुत करनी होगी. **शपथ-पत्र का प्रारूप (परिशिष्ट-ङ)** में दिया गया है.

(iii) भूतपूर्व सैनिकों को मूल डिस्चार्ज बुक भी प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें अभ्यर्थी का नाम और जन्मतिथि दर्ज होनी चाहिए.

(झ) **खेल प्रमाणपत्र :** निम्नलिखित के संबंध में राष्ट्रीय/राज्य खेल प्राधिकरणों या संबद्ध खेलों के सरकारी निकायों द्वारा जारी प्रमाणपत्र स्वीकार किए जाएंगेः-

(i) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया हो.

(ii) सीनियर/जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो.

(iii) खेलो इंडिया गेम्स में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो.

(iv) राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया हो और व्यक्तिगत स्पर्धा में कोई पदक जीता हो या टीम स्पर्धा में चौथे स्थान तक पहुंचा हो.

(v) अखिल भारतीय स्कूल खेल परिसंघ द्वारा आयोजित स्पर्धाओं में राज्य स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व किया हो.

(vi) भर्ती के लिए खेलों की सूची नीचे (**परिशिष्ट-च**) दी गई है.

(ञ) **पैन कार्ड और आधार कार्ड :** अंतिम भर्ती के लिए पैन कार्ड और आधार कार्ड अनिवार्य दस्तावेज हैं.

16. **फोटोः** सफेद पृष्ठभूमि में अच्छी गुणवत्ता वाले फोटोग्राफिक पेपर पर तैयार की गई एवं **सत्यापित न की गई** पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो की 20 प्रतियां, जो तीन महीने से अधिक पुरानी न हों. कम्प्यूटरीकृत/फोटोकॉपी/शॉप की गई **फोटो स्वीकार नहीं की जाएंगी. तस्वीरें उचित हेयरकट और क्लीन शेव (सिख उम्मीदवारों को छोड़कर) के साथ होनी चाहिए .**

17. **उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण बिंदु.**

(क) प्रादेशिक सेना, केवल अंशकालिक प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से स्वैच्छिक संगठन है. संगठन कोई स्थायी रोज़गार नहीं देता है या उसका वादा नहीं करता है.

(ख) **भर्ती की प्रारंभिक अवधि केवल 07 (सात) वर्ष होगी.** प्रारंभिक 07 (सात) वर्षों से आगे का विस्तार संगठनात्मक आवश्यकता और समय-समय पर निर्धारित अन्य मानदंडों की पूर्ति के अधीन है.

(ग) सफल भर्ती के बाद, रोज़गार सरकारी मंज़ूरी और संगठनात्मक आवश्यकता पर आधारित होगा.

(घ) संगठन द्वारा आवश्यकतानुसार लंबे कार्यकाल के लिए बुलाया जाएगा, हालांकि, यह आश्वासन या वादा नहीं किया गया है.

(ङ) संगठन पेंशन का वादा नहीं करता है और यह कार्य-अवधि और क्वालिफाइंग सर्विस जैसे अन्य कारकों पर निर्भर है.

(च) चयनित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित भारत या विदेश में कहीं भी निर्दिष्ट प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा.

(छ) भर्ती के पश्चात, प्रशिक्षण के प्रथम दो वर्षों के दौरान किसी भी समय, यदि किसी व्यक्ति के कुशल सैनिक बनने की संभावना नहीं है, तो उसे टीए सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा.

(ज) टीए में सफल भर्ती के पश्चात अभ्यर्थी टीए अधिनियम 1948, टीए नियम 1948 (समय-समय पर संशोधित) तथा टीए विनियम 1948 (संशोधित संस्करण 1976) के अधीन होंगे.

18. **भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों को होने वाली किसी दुर्घटना/चोट के लिए रैली आयोजित करने वाले अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे.**

19. **अभ्यर्थियों के लिए निर्देश**

(क) भर्ती एक निःशुल्क सेवा है, किसी को रिश्वत न दें.

क्रमशः

-

(ख) दलालों से सावधान रहें.

(ग) यदि किसी जांच में किसी अभ्यर्थी की दलाल के साथ संलिप्तता पाई जाती है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभ्यर्थी का चयन रद्द किया जा सकता है.

(घ) प्रमाणपत्रों में ओवरराइटिंग/छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं है.

(ङ) यदि अभ्यर्थी की सफल भर्ती के बाद यह पता चलता है कि अभ्यर्थी ने भर्ती के लिए फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं तथा गलत जानकारी दी है, तो सेवा की अवधि की परवाह किए बिना सेवा समाप्त कर दी जाएगी.

(च) रैली/मेडिकल परीक्षा/लिखित परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

(छ) संचार, फोटोग्राफी या किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन/डिजिटल/स्मार्ट डिवाइस रैली स्थल/लिखित परीक्षा केंद्र पर नहीं लाया जाएगा.

**परिशिष्ट-'क'**

**(विज्ञापन का पैरा 4(क) देखें)**

**भर्ती जोनों का विवरण**

1. **जोन-I.** हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लेह.
2. एच एंड एच बटालियनों, 162 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) और इंजीनियरी रेजिमेंटों (टीए) के लिए भर्ती समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित निर्दिष्ट अधिकार क्षेत्रों से की जाएगी.

**परिशिष्ट-'ख'**

**(विज्ञापन का पैरा 8(क)(i) देखें)**

**बॉडी टैटू प्रमाणन**

मैं, ......................... (उम्मीदवार का नाम) पुत्र ...................... (पिता का नाम) एतद्द्वारा वचन देता हूं कि मेरे पास ऊपर दी गई तस्वीरों में दिखाए गए विवरण के अनुसार बॉडी टैटू है. मैं आगे यह भी घोषणा करता हूं कि मैं भविष्य में कोई अन्य टैटू नहीं बनवाऊंगा.

**स्थानः** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**दिनांकः**

**परिशिष्ट-'ग'**

**(विज्ञापन का पैरा 8(क)(ii) देखें)**

**जनजातीय समुदायों के उम्मीदवारों के संबंध में स्थायी शारीरिक टैटू के लिए प्रमाणपत्र (प्रत्येक टैटू के लिए एक प्रमाणपत्र)**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि .......... (उम्मीदवार का नाम), जिसकी जन्म तिथि ............ है, वह ............... (पिता/माता/अभिभावक का नाम जैसा लागू हो) का पुत्र/पुत्री है और .................. राज्य (राज्य का नाम) के ............. जिले (जिले का नाम) की ........... जनजाति (जनजाति समुदाय का नाम) से संबंधित है.
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि ...................... (उम्मीदवार का नाम) के शरीर के निम्नलिखित भागों पर गुदे हुए स्थायी टैटू (टैटू) .................. जनजाति की मौजूदा रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार हैं और आज की तिथि तक प्रचलन में हैः-

(क)

(ख)

टैटू की कुल संख्या ................... (अंकों में) .............. (शब्दों में)

3. उपरोक्त परिशिष्ट 'ग' के पैराग्राफ 2 में दिए गए प्रत्येक टैटू की पोस्ट कार्ड आकार की तस्वीरें सही हैं और भविष्य में किसी भी संदर्भ/रिकॉर्ड के लिए नीचे दिए गए अनुसार रखी गई हैंः-

| **टैटू की तस्वीरें** | **टैटू का विवरण** |
|---|---|
| (पोस्ट कार्ड आकार की प्रति यहां चिपकाएं, जिस पर अभ्यर्थी तथा प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर हों तथा उनके नाम भी होने चाहिए. कृपया स्टेपल पिन/क्लिप का प्रयोग न करें.) | टैटू का आकार- (से.मी. में)<br>भाषा - (यदि लागू हो)<br>टैटू का महत्व - (यदि लागू हो) |

**नोटः**- प्रत्येक टैटू की अलग से फोटो होगी, जिसमें विवरण होगा और उसका अलग से वर्णन होगा. इस उद्देश्य के लिए अतिरिक्त पृष्ठों का उपयोग किया जाएगा और प्रत्येक पृष्ठ को अलग से सत्यापित किया जाएगा.

**स्थान :** **(जिले/तहसील के डीसी/डीएम/एसडीएम के नाम,**

**तारीख :** **पदनाम और मुहर सहित हस्ताक्षर) अथवा**

**(अध्यक्ष/सचिव या जिस जनजाति से अभ्यर्थी संबंधित है उसके वरिष्ठ सदस्य का नाम, पदनाम यदि कोई हो, पता, हस्ताक्षर तथा उनकी मुहर)**

**परिशिष्ट-'घ'**

**(विज्ञापन का पैरा 15(ख)(iv) देखें)**

**स्कूल शिक्षा बोर्डों की सूची**

| क्र. सं | मुख्यालय आरटीजी क्षेत्र | राज्य | स्कूल बोर्ड |
|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला | हरियाणा (गुड़गांव, फरीदाबाद, मेवात और पलवल जिलों को छोड़कर) | स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी, हरियाणा |
| | | हिमाचल प्रदेश | हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा मंडल, धर्मशाला |
| 2. | बंगलोर | कर्नाटक | प्री यूनिवर्सिटी विभाग, कर्नाटक सरकार |
| | | | कर्नाटक राज्य सेकेंडरी शिक्षा परीक्षा बोर्ड |
| | | | कर्नाटक ओपन स्कूल, जेएसएस महा विद्यापीठ, मैसूर |
| | | केरल और केंद्र शासित प्रदेश माहे एवं लक्षद्वीप | केरल सरकार, बोर्ड ऑफ हायर सेकण्डरी एग्जाम |
| | | | बोर्ड ऑफ पब्लिक एग्जाम, केरल |
| | | | बोर्ड ऑफ वोकेशनल हायर सेकेंडरी एग्जाम, केरल |
| | | | केरल स्टेट ओपन स्कूल, तिरुवनंतपुरम (बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एग्जामिनेशन, केरल से संबद्ध) |

| क्र. सं. | मुख्यालय आरटीजी क्षेत्र | राज्य | स्कूल बोर्ड |
|---|---|---|---|
| 3. | चेन्नै | तमिलनाडु | राज्य विद्यालय परीक्षा बोर्ड (सेकेंडरी) और उच्चतर माध्यमिक परीक्षा बोर्ड, तमिलनाडु |
| | | आंध्र प्रदेश | सेकेंडरी शिक्षा बोर्ड, आंध्र प्रदेश |
| | | | इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड, आंध्र प्रदेश |
| | | | आंध्र प्रदेश ओपन स्कूल सोसाइटी, आंध्र प्रदेश सरकार |
| | | तेलंगाना | तेलंगाना राज्य इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड, नामपल्ली, हैदराबाद |
| | | | सेकेंडरी शिक्षा बोर्ड, तेलंगाना राज्य, चैपल रोड, नामपल्ली, हैदराबाद |
| | | पुदुच्चेरी | - |
| | | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध |
| 4. | दानापुर | बिहार | बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड, पटना |
| | | | बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा बोर्ड, पटना |
| | | | बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना |
| | | झारखंड | झारखंड शैक्षणिक परिषद, रांची |
| 5. | जबलपुर | मध्य प्रदेश | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मध्य प्रदेश, भोपाल |
| | | | मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल |
| | | | महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल |
| | | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, रायपुर |
| | | | छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर |
| | | | छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम बोर्ड, रायपुर |
| | | | छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड, रायपुर |
| 6. | जयपुर | राजस्थान | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर |
| | | | वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली |
| | | | राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर |
| 7. | जालंधर | पंजाब | पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड, मोहाली |
| | | जम्मू और कश्मीर | जम्मू-कश्मीर राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड, जम्मू/श्रीनगर |
| 8. | कोलकाता | पश्चिम बंगाल और सिक्किम | पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कोलकाता |
| | | | पश्चिम बंगाल मदरसा शिक्षा बोर्ड, कोलकाता |
| | | | पश्चिम बंगाल रवींद्र ओपन स्कूलिंग काउंसिल, कोलकाता |
| | | | पश्चिम बंगाल उच्चतर शिक्षा परिषद |
| | | | पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता |
| | | ओडिशा | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, ओडिशा, कटक |
| | | | उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद, ओडिशा, भुवनेश्वर |
| | | | ओडिशा राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, भुवनेश्वर |
| 9. | लखनऊ | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश हाई स्कूल और इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड, यूपी (इलाहाबाद) |
| | | | उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ |
| | | | दयालबाग शिक्षा संस्थान (सम विश्वविद्यालय), आगरा |
| | | | उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ |
| | | उत्तराखंड | उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड काउंसिल, लखनऊ |
| 10. | पुणे | महाराष्ट्र | महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नागपुर |
| | | | महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अमरावती |
| | | | महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पुणे |
| | | गुजरात | गुजरात माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, गांधीनगर |
| | | गोवा | गोवा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, ऑल्टो-बर्डेज़, गोवा |
| | | संघ शासित प्रदेश दमन, दीव, दादरा और नगर हवेली | - |
| 11. | शिलांग | असम | माध्यमिक विद्यालय असम (एसईबीए) |
| | | | असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (एएचएसईसी) |
| | | | असम संस्कृत बोर्ड, गुवाहाटी |
| | | | राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, असम |
| | | मेघालय | मेघालय स्कूल शिक्षा मंडल, मेघालय |
| | | अरुणाचल प्रदेश | सीबीएसई बोर्ड का अनुसरण करता है |
| | | नगालैंड | नगालैंड स्कूल शिक्षा मंडल, कोहिमा |
| | | मणिपुर | माध्यमिक शिक्षा मंडल, मणिपुर |
| | | | उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद, मणिपुर |

क्रमशः

(पिछले पृष्ठ का शेष)

| क्र. सं. | मुख्यालय आरटीजी क्षेत्र | राज्य | स्कूल बोर्ड |
|---|---|---|---|
| | | त्रिपुरा | त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, त्रिपुरा |
| | | मिजोरम | मिजोरम स्कूल शिक्षा बोर्ड |
| 12. | जीआरडी, कुंराघाट | नेपाल | हाई सेकेंडरी शिक्षा बोर्ड, नेपाल |
| | | दार्जिलिंग | - |
| 13. | आईआरओ, दिल्ली कैंट | दिल्ली | भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (आईसीएसई), नई दिल्ली |
| | | | केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), दिल्ली |
| | | | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग, नोएडा |

**परिशिष्ट-'ङ'**

**(विज्ञापन का पैरा 15(ज)(ii) देखें)**

**शपथ पत्र का प्रारूप**

**संबंध प्रमाणपत्र**

**उम्मीदवार के पिता/माता/भाई के साथ प्रायोजक द्वारा स्वप्रमाणित संयुक्त फोटोग्राफ**

1. मैं, क्रमांक .......... रैंक ............ नाम .............. (यूनिट) ......... एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि (उम्मीदवार का नाम) ................. जिसकी तस्वीर ऊपर चिपकाई गई है, मेरा पुत्र है.

2. उम्मीदवार का विवरण निम्नानुसार है:-

(क) उम्मीदवार का नामः (ख) आवेदक के साथ संबंधः

(ग) पिता का नामः (घ) माता का नामः

(ङ) पताः

(च) जन्म तिथि ................ जन्म प्रमाणपत्र संख्या ............ के अनुसार .......... (जारीकर्ता प्राधिकारी) द्वारा जारी की गई है और जैसा कि ............... शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र संख्या ............. में दर्ज है.

3. अन्य वार्ड (पुत्रों) का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | नाम | व्यवसाय | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विद्यार्थी (श्रेणी) | रोज़गार | | |
| | | | सिविलियन | सैन्य | |

4. यह प्रमाणित किया जाता है कि मेरे पुत्र, ............... को निर्धारित बोनस अंक प्रदान किए जाने चाहिए क्योंकि इस सुविधा का उपयोग मैंने देश में कहीं भी आयोजित किसी भी भर्ती रैली में किसी अन्य पुत्र के लिए नहीं किया है.

5. मैं वचन देता हूं कि यदि मेरे द्वारा पैरा 1 से 4 में की गई घोषणा किसी भी स्तर पर गलत/झूठी पाई जाती है तो मैं सेना अधिनियम या किसी अन्य कानून के तहत दंडित होने के लिए उत्तरदायी हूं.

6. मुझे पूर्ण जानकारी है कि मैं अपने बच्चों को प्रादेशिक सेना पर लागू नियमों व शर्तों के अंतर्गत नामांकित कर रहा हूं, जैसा कि प्रादेशिक सेना अधिनियम 1948 प्रादेशिक सेना नियम 1948 (यथा संशोधित) और प्रादेशिक सेना विनियम 1948 (संशोधन संस्करण 1976) में निहित है.

**दिनांक :** **(सेवारत सैनिक/पूर्व सैनिक के हस्ताक्षर)**

**(सेना संख्या, रैंक, यूनिट का नाम)**

**प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट या नोटरी के हस्ताक्षर**

**परिशिष्ट 'च'**

**(विज्ञापन का पैरा 15(झ)(vi) देखें)**

**भर्ती के लिए खेलों और क्रिड़ाओं की सूची**

| क्र.सं. | विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1. | ट्रैक और फील्ड इवेंट सहित एथलेटिक्स | |
| 2. | तीरंदाजी | |
| 3. | बैडमिंटन | |
| 4. | बास्केटबॉल | |
| 5. | मुक्केबाजी | |
| 6. | क्रिकेट | |
| 7. | घुड़सवारी | |
| 8. | फुटबॉल | |
| 9. | तलवारबाजी | |
| 10. | जिम्नास्टिक | |
| 11. | गोल्फ़ | |
| 12. | हॉकी | |
| 13. | हैंडबॉल | |
| 14. | जूडो | |
| 15. | कबड्डी | |
| 16. | कयाकिंग और कैनोइंग | |
| 17. | कराटे | |
| 18. | रोइंग | |
| 19. | रग्बी | |
| 20. | तैराकी, गोताखोरी और वाटर पोलो | |
| 21. | स्क्वैश | |
| 22. | शूटिंग | |
| 23. | नौकायन | |
| 24. | ताइक्वांडो | |
| 25. | ट्रायथलॉन | |
| 26. | वॉलीबॉल | |
| 27. | भारोत्तोलन | |
| 28. | कुश्ती | |
| 29. | शीतकालीन खेल (आइस हॉकी, बैथलॉन, स्कीइंग, आइस स्केटिंग आदि) | |
| 30. | वुशु | |

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

## तृतीय तल. स्वास्थ्य भवन, सेक्टर 19, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ)

**पिन- 492015 दूरभाष-0771-2511285 ई-मेल: office.mdnrhm@gmail.com**

क्रमांक / NHM/HR/2024/1527/2173 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 11/11/2024

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत राज्य स्तर 01) State Programme Manager NHM, 02) State Epidemiologist NTEP, 03) State Epidemiologist - IDSP, 04) State Manager-Account, 05) State Consultant- RI, 06) State Consultant Procurement & Logistics (NTEP), 07) State Consultant- Bridge Course, 08) State Consultant- IEC/BCC, 09) State Consultant-AMB, 10) State Consultant-NUHM, 11) Zonal Entomologist, 12) Manager-Data (IDSP), 13) Programme Associate Vaccine & Logistics Management, 14) Programme Associate NVHCP, 15) Programme Assistant-QA, 16) Accountant, 17) Sr. Secretarial Assistant, 18) Laboratory Supervisor, 19) SDS Pharmacist, 20) Laboratory Technician & 21) Insect Collector एवं जिला स्तर के 01) Microbiologist C&DST (Raigarh), 02) District Programme Manager, 03) District Manager - Urban, 04) Divisional Consultant (QA), 05) District Manager - Account, 06) District Manager - Data, 07) District Manager - Training / HR, 08) District Manager - Hospital, 09) District Consultant- PCPNDT, 10) District Consultant - NTCP, 11) District Microbiologist - IDSP, 12) District Consultant - RMNCH+A, 13) District Epidemiologist IDSP, 14) Consultant - NVBDCP, 15) Consultant NLEP, 16) Consultant NPPCF, 17) Consultant NCD, 18) Consultant Finance and Logistics, 19) District Consultant - Ayushman Bharat (HWC) cum NCD Consultant & 20) Programme Associate Biomedical Engineer के रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में दिनांक 18.11.2024 से 02.12.2024 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन हेतु विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करें।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद

**गैर शैक्षणिक पदों के लिए भर्ती नोटिफिकेशन**

भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान हैदराबाद निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :

| पद क्रमांक | पदनाम | पे लेवल (7वें वेतन आयोग के अनुसार) | उच्चतम आयु सीमा | बैकलॉग रिक्तियां | | | मौजूदा रिक्तियां | | | | | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एससी | एसटी | ओबीसी | एससी | एसटी | ओबीसी | ईडब्ल्यूएस | यूआर | |
| **समूह 'ए' गैर-शैक्षणिक पद** | | | | | | | | | | | | |
| 16.1 | अधीक्षण अभियंता | पीएल-13 | 50 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01# |
| 16.2 | जनसंपर्क अधिकारी | पीएल-10 | 45 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01# |
| **समूह 'बी' गैर-शैक्षणिक पद** | | | | | | | | | | | | |
| 16.3 | तकनीकी अधीक्षक कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग | पीएल-08 | 40 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 16.4 | कनिष्ठ मनोवैज्ञानिक सलाहकार (पुरुष) | पीएल-08 | 40 वर्ष | - | - | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| 16.5 | एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट | पीएल-06 | 35 वर्ष | - | - | - | 01* | - | 02* | - | - | 03* |
| 16.6 | फिजियोथेरेपिस्ट (पुरुष) | पीएल-06 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 16.7 | स्टाफ नर्स | पीएल-06 | 35 वर्ष | - | - | 01 | - | - | - | - | 04 | 05 |
| 16.8 | कनिष्ठ तकनीकी अधीक्षक - कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग | पीएल-06 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01 |
| 16.9 | कनिष्ठ अभियंता | पीएल-06 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | 01 | 01* | - | 02 |
| **समूह 'सी' गैर-शैक्षणिक पद** | | | | | | | | | | | | |
| 16.10 | लेखापाल | **पीएल-04** | **35 वर्ष** | - | - | - | - | - | - | - | 02 | 02 |
| | कनिष्ठ तकनीशियन | | | | | | | | | | | |
| 16.11 | 16.11.1 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01 |
| | 16.11.2 जैवप्रौद्योगिकी | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | - | - | 01 | 01 |
| | 16.11.3 केंद्रीय कार्यशाला | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | - | | 02* | - | - | 02* |
| | 16.11.4 रसायन | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | - | 01 | - | - | - | 01 |
| | 16.11.5 रासायनिक इंजीनियरिंग | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | 01 | - | 01* | 02* |
| | 16.11.6 कंप्यूटर केंद्र | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | - | - | 01 | - | 01 | 02* |
| | 16.11.7 ड्राफ्ट्समैन-सीएमडी | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| | 16.11.8 विद्युत इंजीनियरिंग | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | 01 | - | - | - | - | - | - | 01 |
| | 16.11.9 गणित | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | 01 | - | - | - | - | - | 01 |
| | 16.11.10 मैकेनिकल एवं एयरोस्पेस इंजीनियरिंग | पीएल-03 | 35 वर्ष | - | - | - | 01* | - | - | - | - | 01* |
| | | | कुल | - | 01 | 04 | 02 | 01 | 07 | 01 | 15 | 31 |

*अनुमानित रिक्तियां # रिक्तियां 01.04.2025 से उपलब्ध होंगी.

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 10.12.2024 **शाम 5:00 बजे तक भारतीय मानक समय है.** पदों, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, सामान्य अनुदेशों आदि और ऑनलाइन फॉर्म लेने के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **https://iith.ac.in/careers/** पर जाएं.

रजिस्ट्रार, आईआईटी हैदराबाद

# जनजातीय गौरव दिवस


हर साल 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल भगवान बिरसा मुंडा की शहादत और योगदान को याद करने का है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, अनवरत संघर्ष और स्वाभिमान का उत्सव है।








## भगवान बिरसा मुण्डा जयंती जनजातीय गौरव दिवस



बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में एक साधारण मुंडा परिवार में हुआ था। भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक महानायक के रूप में जाने जाते हैं। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों से भरा था और उन्हें बाल्यावस्था से ही आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। सामाजिक असमानता, अत्याचार और विदेशी शासकों द्वारा जनजातियों पर निरंतर हो रहे शोषण ने बिरसा मुंडा के अंतर्मन को विद्रोह की भावना से भर दिया। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातियों के पारम्परिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया।

भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अतुलनीय है। उनके "उलगुलान" आंदोलन ने अन्य जनजातीय समुदायों को भी संगठित किया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करने की प्रेरणा दी। अंग्रेजों ने चक्रव्यू रच कर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया गया. जेल में रहने के दौरान ही उनकी मौत हो गयी

भगवान बिरसा मुंडा मात्र 24 साल 7 महीने की अल्पायु में 9 जून 1900 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी विरासत आज भी जनजातीय समाज के दिलों में जीवित है और उन्हें एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किया जाता है। वर्ष 2021 में केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया।

रायपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस और अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव ने देश के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर प्रस्तुत किया। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए एक गौरव का क्षण रहा।








### छत्तीसगढ़ में कितनी जनजातियाँ हैं?

छत्तीसगढ़ जनजाति बाहुल्य राज्य है, यहाँ आदिवासी समाज की 42 जनजातियां व 161 उपजातियां पाई जाती हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 78,22,902 लाख अनुसूचित जनजाति के जिसमें 38,73,191 पुरूष और 39,49,711 महिलाएं है छत्तीसगढ़ की कुल जनसंख्या का 30. 62 % लोग थे।

### छत्तीसगढ़ में प्रमुख आदिवासी जनजातियाँ

**गोंड: (42,98,404)** यह सबसे बड़ी जनजाति है जो बस्तर, कांकेर, और राजनांदगाँव जिलों में अधिक पाई जाती है।

**कंवर: (8,87,477)** यह जनजाति मुख्य रूप से रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग, सरगुजा जिलों में अधिक पाई जाती है।

**उरांव: (7,48,789)** यह जनजाति मुख्य रूप से जशपुर, रायगढ़, जिलों में अधिक पाई जाती है।

**हलबा: (3,75,182)** यह जनजाति बस्तर क्षेत्र में अधिक पाई जाती है।

**भतरा: (2,13,900)** यह जनजाति भी बस्तर क्षेत्र में पाई जाती है।


### भारत में कितनी जनजातियाँ हैं?

देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 705 से अधिक जनजातियाँ (एक से अधिक राज्यों में फैले हुए अतिव्यापी समुदाय) हैं, जिन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। भारत में अधिकतम जनजातीय आबादी वाले राज्य है –
मिजोरम (जनसंख्या का 94.4%)
लक्षद्वीप (94%) मेघालय (86.1%)
नागालैंड (86.5%)

### भारत की सबसे बड़ी जनजाति कौन सी है?

गोंड भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह है, जिसकी जनसंख्या 12 मिलियन से अधिक है। भाषाई रूप से, गोंड द्रविड़ भाषा परिवार की दक्षिण मध्य शाखा के गोंडी-मांडा उपसमूह से संबंधित हैं। गोंड अन्य द्रविड़ समूहों के बजाय भारतीय ऑस्ट्रोएशियाटिक (यानी, मुंडा) समूहों के साथ पर्याप्त आनुवंशिक वंशावली साझा करते हैं, जिनसे वे भाषाई रूप से सबसे अधिक निकटता से संबंधित हैं।

## छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों की स्थिति




**बैगा** : छत्तीसगढ़ के पांच जिलों के 10 ब्लॉकों में बैगा मौजूद हैं जिनकी आबादी 87,621 है , (ज्यादातर 301 ग्रा प. / 524 गांवों में)। कबीरधाम के बोडला (30.2%) और पंडरिया (19.5%) ब्लॉक में इनकी प्रमुखता देखी जा सकती है।

**पहाड़ी कोरवा** : उत्तरी छत्तीसगढ़ में चार जिलों के 16 ब्लॉकों में फैले हुये है। मुख्यतः इनकी आबादी जशपुर के बागीचा ब्लॉक में है, उसके बाद बलरामपुर के शंकरगढ़ ब्लॉक में 48% जनजाति है।

**बिरहोर** : जनजाति राज्य की आदिवासी आबादी का 1.9% है। यह पी.व्ही.टी.जी. जनजातीयों में सबसे छोटा समूह है और 4 जिलों के 16 ब्लॉकों में पाया जाता है। मुख्यतः आबादी धरमजयगढ़, पोड़ी उपरोड़ा और पाली में है, कोरबा और रायगढ़ जिलों में उनकी आधी आबादी है।

**कमार** : पूर्वी सीमा की ओर 6 जिलों के 13 ब्लॉकों में केंद्रित है। उनमें से 60% से अधिक गरियाबंद जिले के गरियाबंद, छुरा और मैनपुर ब्लॉक में पाए जा सकते हैं।

**अबुझमाड़िया** : दक्षिणी छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के नारायणपुर और ओरछा ब्लॉक में केंद्रित हैं। इनकी 90% आबादी ओरछा ब्लॉक में हैं।



# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रश्नोत्तरी

1. नीचे दिए गए शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें।
1.प्रस्तुति 2.सिफारिश 3. आगमन 4.चर्चा 5.परिचय
(a) 5, 3, 4, 1, 2 (b) 3, 5, 4, 2, 1
(c) 3, 5, 1, 4, 2 (d) 5, 3, 1, 2, 4
Answer - (c)

2. दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, एक उम्मीदवार को कुल वैध मतों में से 55% मत मिले, 20% मत अवैध थे। यदि कुल मतों की संख्या 7500 थी, तो दूसरे उम्मीदवार को मिले वैध मतों की संख्या थीः
(a) 2500 (b) 2700
(c) 2900 (d) 3100
Answer - (b)

3. A और B एक व्यवसाय में 3 : 2 के अनुपात में निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ का 5% दान में जाता है और A का हिस्सा 855 रुपये है, तो कुल लाभ हैः
(a) 500 (b) 1000
(c) 1500 (d) 2000
Answer - (c)

4. एक बैग में 50 पैसे, 25 पैसे और 10 पैसे के सिक्के 5:9:4 के अनुपात में हैं, जिनकी कीमत 206 रुपये है। क्रमशः प्रत्येक प्रकार के सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 360, 160, 200 (b) 160, 360, 200
(c) 200, 360,160 (d) 200,160,300
Answer - (c)

5. इस वर्णमाला में कौन सा अक्षर दाईं ओर से आठवां अक्षर है और वर्णमाला के अंतिम लेकिन एक अक्षर के बाईं ओर से दसवां अक्षर कौन सा है?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z .
(a) एक्स (b) डब्ल्यू
(c) एम (d) एच
Answer - (b)

6. दिए गए शब्द-युग्म के समानार्थी शब्द-युग्म का चयन कीजिए।
क्रिया : प्रतिक्रिया
(a) रोग : कैंसर (b) मृत्यु : कमजोरी
(c) आक्रमण : बचाव (d) अंतर्मुखी : बहिर्मुखी
Answer - (c)

7. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या, पहली संख्या से संबंधित है।
11:144::16:?
(a) 192 (b) 289
(c) 230 (d) 256
Answer - (b)

8. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का अनुसरण करता है।
कथनः
1. सभी बड़े, छोटे हैं।
2. कुछ छोटे, लंबे हैं।
3. कोई भी लंबा, सफेद नहीं है।
निष्कर्षः
1. कुछ बड़े, सफेद हैं।
2. कुछ बड़े, सफेद नहीं हैं।
3. कुछ छोटे, सफेद नहीं हैं।

(a) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
(b) केवल निष्कर्ष 1 और 2 अनुसरण करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष 2 और 3 अनुसरण करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष 3 अनुसरण करता है।
Answer - (d)

9. एक निश्चित कूट भाषा में, FLOWER को UOLDVI के रूप में लिखा जाता है। उस भाषा में FMRJFV को कैसे लिखा जाएगा?
(a) TMGPTO (b) ELQIEU
(c) UNIQUE (d) EUQINU
Answer - (c)

10. A, B, C, D, E पांच कार्यक्रम हैं, जो सोमवार से शनिवार तक मंच पर आयोजित किए जाने हैं, प्रति दिन एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसके बीच में एक दिन का अवकाश रखा जाना है, किंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। C का आयोजन D के आयोजन के तुरंत बाद वाले दिन किया जाएगा। A और E के बीच अवकाश रखा जाना है। E और C के बीच 2 दिन का अंतर है। B का आयोजन अंतिम दिन नहीं किया जाना है और अवकाश मंगलबार या गुरुवार को नहीं रखा जाना है। अवकाश के दिन को नजरअंदाज करते हुए, आयोजनों के सही क्रम को दर्शाने वाले विकल्प का चयन करें।
(a) BDCEA (b) AEBDC
(c) AEDCB (d) BDCAE
Answer - (d)

11. अगर + का मतलब है भाग, X का मतलब है -, भाग का मतलब X और - का मतलब + है तो 8+6x4/3-4 का मान होगा।
(a) -12 (b) -20/3
(c) -44/3 (d) 12
Answer - (b)

12. एक खंबे की ऊंचाई 21 फीट है। एक चींटी एक दिन में 5 फीट चढ़ती है और 3 फीट नीचे गिर जाती है। उसे खंबे पर चढ़ने में कितने दिन लग जाएंगे?
(a) 10 दिन (b) 12 दिन
(c) 9 दिन (d) 8 दिन
Answer - (c)

13. DOG=67 तो FOX= ?
(a) 114 (b) 59
(c) 53 (d) 55
Answer - (a)

14. किसी कोड भाषा में BAN को DCP लिखा जाता है तो SDM को क्या लिखेंगे?
(a) EPH (b) UFO
(c) BGC (d) DEF
Answer - (b)

15. अगर आम को अमरूद, अमरूद को सेब, सेब को संतरा, संतरा को नाशपाती, नाशपाती को पपीता कहा गया तो फलों का राजा कौन है?
(a) आम (b) सेब
(c) अमरूद (d) संतरा
Answer - (c)

16. 'जहाज' जैसे 'कप्तान' से सम्बन्धित है, वैसे ही 'अखबार' किससे सम्बन्धित है ?
(a) प्रकाशक (b) सम्पादक
(c) मुद्रक (d) पाठक
Answer - (b)

17. निम्नलिखित शब्दों में से विषम शब्द चुनिए ?
(a) पत्र (b) स्पीड पोस्ट
(c) एस एम एस (d) मनी ऑर्डर
Answer - (c)


18. कोई संख्या और उससे 6 अधिक का गुणनफल 216 है तो छोटी संख्या के इकाई के स्थान का अंक होगा -
(a) 1 (b) 2
(a) 3 (c) 4
Answer - (b)

19. कोई संख्या और उससे 4 गुना अधिक का गुणनफल 324 है, तो बड़ी संख्या है-
(a) 24 (b) 26
(c) 16 (d) 36
Answer - (d)

20. एक संख्या और एक दूसरी संख्या उससे 13 अधिक है, दोनों का योगफल 187 है, तो छोटी संख्या के बारे में सत्य है-
(a) वह एक अभाज्य संख्या है
(b) वह एक भाज्य संख्या है
(c) वह एक युग्म संख्या है
(d) वह एक सम संख्या है
Answer - (b)


प्रस्तुति : धनेश कुमार दिवाकर

21. चार आकृतियां ABCD दी गयी हैं। चारों आकृतियों में से 3 आकृतियां किसी न किसी प्रकार से एक जैसी हैं तथा एक भिन्न है। जो आकृति भिन्न है,उसे चुनें।




Answer - (A)

22. एक समस्या आकृति दी गई है और उसके दांई ओर चार उत्तर आकृतियां ABCD गई हैं। उत्तर आकृति का चयन करें जो समस्या आकृति के बिल्कुल समान है।




Answer - (C)

23. एक समस्या आकृति है इसका कुछ भाग लुप्त है। दाईं ओर दी गई। ABCD उत्तर आकृतियों को देखिएऔर ऐसी उत्तर आकृति का पता लगाइए जो बिना दिशा बदले समस्या आकृति के लुप्त भाग में फिट हो जाए, जिससे कि समस्या आकृति पूर्ण हो जाए।




Answer - (A)

24. तीन समस्या आकृतियां हैं और चौथी आकृति के लिए स्थान छोड़ दिया गया है। समस्या आकृतियां एक श्रृंखला में हैं। इसका पता लगाओ कि दाहिनी ओर उत्तर आकृति में से कौन सी आकृति रिक्त स्थान पर आकर श्रृंखला को पूरा करती है।



Answer - (C)

25. समुच्चयों की दो-दो समस्या आकृतियां हैं। दूसरे समुच्चय में प्रश्न चिह्न (?) लगा हुआ है। पहली तथा दूसरी समस्या आकृति के बीच कोई सम्बन्ध है। इसी प्रकार का सम्बन्ध तीसरी और चौथी समस्या आकृतियों में भी होना चाहिए। उत्तर आकृतियों में से एक ऐसी आकृति चुनों जो प्रश्न चिह्न को हटा सके।



Answer - (A)

वन हमारे लिए कई तरह से उपयोगी हैं। वे हमें घर व फर्नीचर बनाने हेतु लकड़ी प्रदान करते हैं। वन हमें ईंधन व कागज बनाने के लिए भी लकड़ी प्रदान करते हैं। वे पक्षियों, वन्य जीवों व कीट-पतंगों के लिए शरण देते हैं। वन वर्षा कराते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए जंगलों का अस्तित्व अतिमहत्वपूर्ण है। यह एक निर्विवाद व स्थापित तथ्य है कि हमें परिस्थिति की तंत्र का ध्यान रखना होगा। मानव के अनवरत अस्तित्व के लिए पर्यावरण व इसके संसाधनों को बुद्धिमतापूर्ण उपयोग करना अपरिहार्य हो गया है।

1. पारिस्थिति की तंत्र की सुरक्षा हेतु ......... का अस्तित्व अनिवार्य है
(a) वन (b) मानव
(c) जानवरों (d) संसाधन

2. संरक्षण का विलोम है.............
(a) बचाव (b) शरण
(c) निर्माण (d) विनाश

3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द बुद्धिमान का पर्याय नहीं है.......
(a) विवेकशील (b) हास्यास्पद
(c) ज्ञानवान (d) न्यायसंगत

4. बढ़ई वनों पर निर्भर रहते हैं क्योंकि जंगल उन्हें देते है........
(a) जलाने हेतु लकड़ी (b) कागज बनाने हेतु लकड़ी
(c) फर्नीचर बनाने हेतु लकड़ी (d) जानवरों के लिए घर

5. वन्य जीव बेघर हो जायेंगे यदि.............
(a) कागज की मिलें नष्ट हो जायेंगी (b) घर बना दिए जाएं
(c) वनों का विनाश हो जाए (d) पारिस्थितिकी तंत्र का ध्यान रखा जाए

# छत्तीसगढ़

### 60 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का किया भूमि पूजन-लोकार्पण किया



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बीएड महाविद्यालय और ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की घोषणा की। इस पहल से शिक्षा और व्यापारिक गतिविधियों में बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय युवाओं और व्यापारियों को नए अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने बलौदाबाजार की सांस्कृतिक धरोहर की प्रशंसा करते हुए इसे संतों, गुरुओं, और वीरों की भूमि बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मोदी जी की गारंटी के तहत प्रदेश को विकास के नए आयामों तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 60 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से कई विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें 32 करोड़ 32 लाख रुपये के 16 नए कार्यों का भूमिपूजन और 27 करोड़ 88 लाख रुपये के 32 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र और 51 लोगों को गृह प्रवेश की चाबियां सौंपीं, जिससे उन्हें अपने घर का सपना साकार करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने जिले में संचालित "हम होंगे कामयाब अभियान" के तहत 51 युवा प्रतिभाओं को सम्मान पत्र प्रदान किए।


### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद गठित

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद गठित कर दी गई है। इसकी अधिसूचना का प्रकाशन आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा किया गया है। आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम इस परिषद के उपाध्यक्ष बनाये गए है। इस परिषद कुल 18 सदस्य है, जिसमें वन मंत्री सहित 13 विधायक और 4 सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव इस परिषद के सचिव होंगे। इस परिषद के विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधियों से मनोनीत सदस्य उस समय तक सदस्य रहेंगे जब तक कि वे विधानसभा के सदस्य रहेंगे।

### कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तर करने की घोषणा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड मुख्यालय में कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने धर्मपरायण राज्य की स्थापना कर लोककल्याणकारी का रास्ता दिखाया, हमारी सरकार भी इन्हीं कल्याणकारी रास्तों पर आगे बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ के लोगों के भलाई, सुख समृद्धि के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर कटघोरा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बेड वाले अस्पताल में उन्नयन करने का घोषणा की।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



जल, जंगल, जमीन के रक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। जिसमें कुल 496 प्रतिभागी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया था और प्रत्येक वर्ग में शीर्ष तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। **12 से 18 वर्षः** प्रथमः डेलियंश पद्दा (कांकेर), द्वितीयः हरीश कुमार (सुकमा), तृतीयः चन्द्र कुमारी नागेश (गरियाबंद) प्रथमः दिव्यांशु (बालोद) तृतीयः डालजीव कोरेटी (बीजापुर)
**18 से 30 वर्षः** प्रथमः अवध राम कंवर (धमतरी) द्वितीयः गुलशन ठाकुर (महासमुंद) तृतीयः पंकज कुमार नेताम (दंतेवाड़ा)
**30 वर्ष से अधिकः** प्रथमः हरीय कुमार गोंड (दुर्ग) द्वितीयः भगत राम (सरगुजा) तृतीयः चुम्मन लाल कर्रो (महासमुंद)
प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नगद राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में 230 करोड़ की मंजूरी

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए भारत सरकार ने 230 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। यह राशि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत राज्य के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन के अधोसंरचना को मजबूत करने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस सहयोग के लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी इस पहल को राज्य के स्वच्छता अभियान में मील का पत्थर बताया है।

### मुख्यमंत्री ने छह वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग पूरी की

छत्तीसगढ़ की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों की छह वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग पूरी हो गई। पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने 24 घंटे के भीतर समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि का आदेश जारी किया, जिससे लगभग 13 हजार कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने इस कदम के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनकी वेतन वृद्धि की मांग का समाधान किया, साथ ही अन्य मांगों पर विचार के लिए अंतर्विभागीय समिति का गठन करने का निर्देश दिया।

# राष्ट्रीय

### ओडिशाः लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला सफल परीक्षण



भारत ने ओडिशा तट पर लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का पहला सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल 1,000 किलोमीटर से अधिक दूरी पर चलते युद्ध पोतों या विमान वाहकों को मार गिराने में सक्षम होगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान मिसाइल की सभी प्रणालियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसे मोबाइल लॉन्चर से जमीन से और यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल सिस्टम की मदद से फ्रंटलाइन जहाजों से लॉन्च किया जा सकता है। मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है।

### विश्व पटल पर चमका भारत, क्यू एस एशिया रैंकिंग 2025 में शीर्ष 100 में शामिल हुए 7 भारतीय संस्थान

भारत के सात संस्थानों ने वैश्विक स्तर के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान हासिल किया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-आई.आई.टी., दिल्ली ने 44वां स्थान हासिल किया है, जबकि आई.आई.टी., बॉम्बे 48वें स्थान पर है। आई.आई.टी मद्रास, आई.आई.टी. खड़गपुर, आई.आई.टी. कानपुर और दिल्ली विश्वविद्यालय शीर्ष 100 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। आई.आई.टी. गुवाहाटी, आई.आई.टी. रुड़की, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, यू.पी.ई.एस. और वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसे संस्थान शीर्ष 150 में शामिल किए गए हैं। यह रैंकिंग पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य एशिया के 25 देशों के 984 संस्थानों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई है।

### दिव्यांगों के लिए 3 माह में लागू हों मानक

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 3 महीने में दिव्यांगों के लिए अनिवार्य पहुंच मानकों को लागू करने का निर्देश दिया। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों तक दिव्यांगों की पहुंच सुनिश्चित करना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में 15 दिसंबर, 2017 को निर्देश जारी किए थे।

### जस्टिस बीआर गवई नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीष जस्टिस बीआर गवई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। नालसा का काम समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करना है। सीजेआई नालसा के मुख्य संरक्षक हैं और उनके बाद सबसे वरिष्ठ जज इसके कार्यकारी अध्यक्ष होते हैं। अभी तक, सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ इसके संरक्षक व जस्टिस संजीव खन्ना कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

### रेलवे स्टेशनों पर 18 जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में 18 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। बिहार के दरभंगा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन केंद्रों का उद्घाटन करते हुए, उन्होंने 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकासात्मक परियोजनाओं की शुरुआत भी की। ये औषधि केंद्र यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। सरकार का उद्देश्य लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं उपलब्ध कराना है। अगले पाँच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने के साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं।

### भारत-भूटान सीमा पर एकीकृत चेकपोस्ट

असम के दारंगा में भारत-भूटान सीमा पर पहला एकीकृत चेकपोस्ट शुरू हो गया है। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने इसका उद्घाटन किया। चेकपोस्ट 14.5 एकड़ इलाके में फैला है।

### सीआईएसएफः पहली महिला रिजर्व बटालियन

केंद्र ने महिलाओं की पहली सीआईएसएफ रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। इसमें 1025 पर्सनल होंगी। सीआईएसएफ के अधीन फिलहाल 12 रिजर्व बटालियन हैं। नई बटालियन का गठन कुल 2 लाख पद की स्वीकृत सीमा को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा।

### भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि

भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष अक्टूबर से इस वर्ष अक्टूबर तक महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा कुल संस्थापित क्षमता एक वर्ष में 13.50 प्रतिशत बढ़कर 24.20 गीगावॉट हो गई। यह अक्टूबर 2023 में 178.98 गीगावॉट से बढ़कर अक्टूबर 2024 में 203.18 गीगावॉट हो गई।

### पर्यटन विकास से रोजगार के अवसर और सांस्कृतिक उत्थान



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने तीन दिवसीय दादरा, नगर हवेली और दमन-दीव के दौरे में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र का विकास न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाता है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खोलता है। दमन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने क्षेत्र में पर्यटन, शिक्षा और औद्योगिक विकास को लेकर प्रशासन की सराहना की।

### कोचिंग संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश जारी

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उम्मीदवारों और अभिभावकों को गुमराह होने से बचाने के लिए सभी कोचिंग संस्थानों को अपने छात्रों और पाठ्यक्रमों के बारे में आवश्यक और प्रासंगिक जानकारी देने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए नई दिल्ली में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय

### ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे ने बुकर पुरस्कार जीता




ब्रिटिश लेखिका सामंता हार्वे ने अपने "महत्वाकांक्षी और खूबसूरत' उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए 2024 का बुकर पुरस्कार जीता है। यह 64,000 अमेरिकी डॉलर का साहित्य पुरस्कार जीतने वाला अंतरिक्ष पर आधारित पहला उपन्यास बन गया है। इस साल पुरस्कार के लिए नामित लेखकों में महिलाओं की संख्या अधिक है। 'ऑर्बिटल' अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर छह अंतरिक्ष यात्रियों के एक दिन के जीवन पर आधारित है, जो महाद्वीपों के पीछे चक्कर लगाते हुए पृथ्वी पर 16 सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं। यह उपन्यास महज 136 पृष्ठों का है जो पुरस्कार जीतने वाली दूसरी सबसे छोटी पुस्तक है। हार्वे 2020 के बाद बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली ब्रिटिश लेखिका हैं।

### बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद का विस्तार, तीन नए सदस्य शामिल

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद का विस्तार किया गया है। तीन नए सलाहकारों के शपथ लेने के साथ अब इस परिषद में कुल 24 सलाहकार हो गए हैं। प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस, जो मुख्य सलाहकार हैं, के नेतृत्व में यह परिषद कार्य कर रही है। इन नए सलाहकारों में मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक महफूज आलम, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मुस्तफा सरवर फारूकी और अकिज बशीर समूह के प्रबंध निदेशक शेख बशीरउद्दीन शामिल हैं। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इन नए सलाहकारों को शपथ दिलाई।

### नीदरलैंड: छात्रों पर दबाव घटाने के लिए एक टर्म के मार्क्स नहीं देख पाएंगे पैरेंट्स

छात्रों पर परीक्षा के नतीजों का दबाव घटाने के उद्देश्य से नीदरलैंड्स के एक स्कूल ने प्रेरक फैसला लिया है। जॉर्डन मोंटेसरी लिसेयुम उट्रेच स्कूल ने छात्रों का रिजल्ट एक टर्म तक साझा करने पर रोक लगाई है। दरअसल स्कूल ने 500 छात्रों पर एक अध्ययन किया। इसमें पता चला है कि नियमित रूप से बच्चों के मार्क्स साझा करने से उनमें तनाव बढ़ रहा है। माता-पिता द्वारा नियमित रूप से मार्क्स देखने पर बच्चों की तनाव रेटिंग 5 में से 2.7 रही। वहीं, जिन बच्चों के माता-पिता उनके मार्क्स नहीं देख रहे थे, उनमें तनाव रेटिंग 2 से भी कम रही। अध्ययन पर चर्चा करने के बाद स्कूल प्रबंधन ने एक टर्म का रिजल्ट साझा करने पर कुछ समय तक रोक का प्रस्ताव किया। इस पर छात्र समूह सकारात्मक थे और 95% पैरेंट्स ने भी सहमति जताई।

### निया का सबसे उन्नत फाइटर पायलट हेलमेट

ब्रिटिश डिफेंस फर्म बीएई सिस्टम्स ने महज 2 किलो का दुनिया का सबसे उन्नत फाइटर पायलट हेलमेट बनाने का दावा किया है। इसे पहनने के बाद सैकड़ों किलोमीटर दूर से साथी विमान और दुश्मन के ड्रोन में फर्क पहचान सकेंगे। पायलट के सिर की दिशा और कोण के आधार पर रियल टाइम में उसकी आंखों के सामने जरूरी डेटा के साथ युद्ध क्षेत्र की पूरी तस्वीर बन जाती है।

### भारत को सुपर पावर की सूची में आने का हकः पुतिन

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भारत की तारीफ करते हुए इसे एक विशाल और महान देश बताया। उन्होंने कहा, भारत ग्लोबल सुपर पावर की सूची में शामिल होने का हकदार है। इसकी अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। यह आर्थिक विकास के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी प्रमुख है। इसकी जीडीपी 7.4% की दर से बढ़ रही है। पुतिन ने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंध काफी गहरे हैं।

### वाट्सएप पर गूगल की तरह 'सर्च इमेज' फीचर

वाट्सएप पर जल्द गूगल की तरह ही वेब आधारित इमेज सर्च कर सकेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए फीचर की टेस्टिंग चल रही है। कंपनी के अनुसार, इसका उद्देश्य शेयर की गई फोटो की प्रामाणिकता को वेरिफाई करना है। फिलहाल बीटा यूजर्स इसे ऑप्शन मेनू से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ऊर्जा-जल संसाधन क्षेत्र में मदद बढ़ाने पर भारत-नेपाल सहमत

भारत और नेपाल ने जलविद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने तथा ऊर्जा, जल संसाधन और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। नेपाल के ऊर्जा-जल संसाधन मंत्री दीपक खड़का ने कहा, वह 3-6 नवंबर तक भारत दौरे पर थे, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर व जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से मिलकर ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई पर सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की। खड़का ने इस यात्रा को 'महत्वपूर्ण' और 'उपयोगी' बताया। विद्युत विकास विभाग के महानिदेशक नवीन राज सिंह ने कहा, यात्रा के दौरान दोनों देशों ने पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना अरुण तृतीय जलविद्युत और परियोजना सहित अन्य में तेजी लाने पर सहमति जताई। सिंह, खड़का के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।

### ऑस्ट्रेलिया : 16 वर्ष से छोटे बच्चे नहीं चला सकेंगे सोशल मीडिया

ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल रोक दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि फेसबुक और टिकटॉक जैसे प्लेटफार्मों के प्रभाव से हमारे बच्चों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने अपनी घोषणा में कहा, यदि नियामकों को युवा यूजरों द्वारा नियम तोड़ने की जानकारी मिली तो इसके लिए कंपनी जिम्मेदार होंगी व उन पर जुर्माना लगेगा। नवंबर में ऑस्ट्रेलिया की संसद में इस कानून को प्रस्तावित करने से पहले इसे राज्य और क्षेत्रीय नेताओं के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। एक बार संसद में कानून के पास होने के बाद टेक प्लेटफॉर्म को एक साल का वक्त दिया जाएगा जिसमें वो यह स्पष्ट कर सकेंगे कि इस नियम को कैसे लागू किया जा सकता है।

### नवीन रामगुलाम होंगे मॉरीशस के अगले पीएम

मॉरीशस के विपक्षी गठबंधन अलायंस फॉर चेंज ने आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है। विपक्ष संसद की सभी सीटें जीतने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री प्रविंद्र जुगनॉथ के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली। विपक्षी गठबंधन की जीत के बाद नवीन रामगुलाम देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। वह 1995 से 2000 तक और फिर 2005 से 2014 तक प्रधानमंत्री पद पर रह चुके हैं।

## खेल / कला

### आडवाणी ने 28वीं बार जीता विश्व बिलियर्ड्स का खिताब



भारतीय दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने 28वीं बार विश्वक बिलियर्ड्स का खिताब जीत लिया। उन्होंने 7वीं बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है। उन्होंने दोहा में विश्व बिलियर्ड्स में इंग्लैंड के रॉबर्ट हॉल को 4-2 से हराया। पंकज ने कहा, लगातार यह खिताब जीतना शानदार अनुभव है।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्सः 20 वर्षीय गॉफ 20 साल बाद सबसे युवा चैम्पियन

अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने साल की बेस्ट-8 प्लेयर्स में बादशाहत हासिल कर ली है। तीसरी सीड गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का टाइटल अपने नाम किया। वर्ल्ड नंबर-3 गॉफ ने ओलिंपिक चैम्पियन झेंग के खिलाफ मैच 3-6, 6-4, 7-6 से जीता। 20 साल की गॉफ ने पहली बार यह टूर्नामेंट अपने नाम किया। गॉफ साल 2004 में मारिया शारापोवा के बाद यह खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। गॉफ 2014 में सेरेना के बाद फाइनल जीतने वाली पहली अमेरिकी हैं। गॉफ ने 4.8 मिलियन डॉलर (40.50 करोड़) की प्राइज मनी जीती। गॉफ ने सातवीं सीड चीन की झेंग को दूसरी बार हराया। इससे पहले, पिछले साल मई में रोम क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दी थी।

### पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में 22 साल बाद कोई सीरीज जीती

पाकिस्तान ने 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने का सूखा खत्म किया और 2-1 से सीरीज अपने नाम की। उसने अब तक ऑस्ट्रेलिया में किसी भी फॉर्मेट में दूसरी सीरीज जीती है। पाक टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को अंतिम मैच में 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 140 रन पर ढेर हो गई, जो उसका पाकिस्तान के खिलाफ अब तक का सबसे कम टोटल है। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज रनों के लिए तरस गए और पूरी टीम 31.5 ओवर में ही ढेर हो गई।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्सः 20 वर्षीय गॉफ 20 साल बाद रिकि और अनुष्का शंकर ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामित

भारतवंशी संगीतकार रिकी केज और अनुष्का शंकर को 67वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामित गया है। केज तीन बार ग्रैमी जीत चुके हैं। अनुष्का को जैकब कोलियर के गाने 'ए रॉक समव्हेयर' में प्रमुख भूमिका के लिए भी नामित किया गया है। राधिका वेंकरिया की 'वॉरियर्स ऑफ लाइट' और चंद्रिका टंडन की 'त्रिवेणी' भी नामित हुए हैं।

### भारतीय निशानेबाजों ने विश्व यूनिवर्सिटी में तीन पदक जीते

भारत के आकाश भारद्वाज और पलक ने विश्व यूनिवर्सिटी निशानेबाजी चैम्पियनशिप के पहले दिन पुरूषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीते। अर्शदीप कौर ने कर्णी सिंह रेंज पर चल रही चैम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किया। आकाश ने क्वालीफिकेशन दौर में 579 स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया था। चेक गणराज्य के पावेल एस 586 स्कोर करके शीर्ष रहे थे। फाइनल में आकाश एक अंक से पावेल से पीछे रह गए।

### संजीत के शतक से छत्तीसगढ़ ने बनाए 500 रन

बीसीसीआई रणजी क्रिकेट ट्रॉफी में ग्रुप डी के चौथे मुकाबले में छत्तीसगढ़ संजीत देसाई के शतक और अमनदीप खरे व अनुज तिवारी के अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रेलवे के खिलाफ पहली पारी में 500 रन बनाने में सफल रही। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने मैच के दूसरे दिन संजीत देसाई के 110 रन और कप्तान अमनदीप खरे के 88 व अनुज तिवारी के 84 रन की पारियों की बदौलत पहली पारी को 9 विकेट पर 500 रन बनाकर घोषित कर दी। अनुज तिवारी ने 66 रन का योगदान दिया।

### स्कीट निशानेबाज भवतेग को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी में स्वर्ण

भारत के युवा स्कीट निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी निशानेबाजी में शीर्ष स्थान हासिल कर देश की झोली में दूसरा स्वर्ण पदक डाला। पलक गुलिया और अमित शर्मा की एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने रविवार को पहला स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा तीन व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीते। सिमरनप्रीत कौर बराड़ (25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल), यशस्वी राठौड़ (महिला स्कीट) और अभय सिंह सेखों (पुरुष स्कीट)) ने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीते। जूनियर वर्ग में चार * अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले गिल ने फाइनल में 58 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्हें साइप्रस के पेट्रोस की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। साइप्रस के खिलाड़ी को रजत मिला।

### एरिगेसी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

भारत के अर्जुन एरिगेसी चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 में एलेक्से सरना पर जीत की बदौलत विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गये। वह तीन दौर के बाद अमीन तबाताबेई के साथ मास्टर्स वर्ग में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है। मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में अमीन तबाताबेई ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

### भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इफ़िएस्टा का होगा आयोजन

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव- इफ्फी ने मनोरंजन की दुनिया को जीवंत तथा और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए इफ़िएस्टा आयोजित करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य फिल्मों के प्रभाव, व्यंजन, कला और संवादात्मक अनुभवों के माध्यम से लोगों को जोड़ना है। इफ़िएस्टा का आयोजन 21 से 28 नवंबर के दौरान गोवा में पणजी के तट पर स्थित कला अकादमी में किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की जाएगी। जो दर्शकों को भारतीय संस्कृति, व्यंजन, संगीत और सिनेमा की जीवंत विविधताओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी।





**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ में जनजातीय उत्थान



- "नियद नेल्ला नार" कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास
- पीएम जनमन योजना से कमजोर जनजाति समूहों के जीवन स्तर में तेजी से सुधार के प्रयास
- आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में 18 स्थानीय भाषा बोलियों में स्कूली शिक्षा
- जनजातीय संस्कृति से जुड़े उत्सव-पर्वों, मेलों के आयोजन के लिए प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 4000 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा
- प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत 6691 आदिवासी बाहुल्य गांवों का हो रहा कायाकल्प




## विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क




डॉ. रवि मित्तल - मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद की ओर से मे. डीबी कार्प. लिमिटेड, प्लाट नंबर 40/44 इण्डस्ट्रियल एरिया, उरला रायपुर से मुद्रित,
छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, अटल नगर, नवा रायपुर से प्रकाशित। संपादक-जवाहर लाल दरियो